

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 23 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष -41 ■ अंक-146 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 24 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## कर्नाटक के कांग्रेस विधायक के ठिकानों से 12 करोड़ कैश और कई किलो सोना बरामद

**बेंगलुरु,23 अगस्त।** कर्नाटक से कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को सिक्किम से गिरफ्तार किया। वीरेंद्र की गिरफ्तारी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हुई है। उन पर अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी का आरोप है। ईडी ने शुक्रवार को वीरेंद्र के ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान जांच एजेंसी को 12 करोड़ रुपए कैश और 6 करोड़ की गोल्ड ज्वैलरी मिली। साथ ही एक करोड़ की फॉरेन करेंसी भी बरामद की है। चार गाड़ियां भी जब्त की गई हैं। केसी वीरेंद्र कर्नाटक की चित्रदुर्ग विधानसभा में विधायक हैं। बताया गया है कि विधायक की



गोवा में कसीनो कारोबार में हिस्सेदारी है। वे करीब पांच कैसिनो के मालिक हैं, जिसमें फेमस पप्पीज कसीनो भी शामिल है। 8 दिन पहलेः कर्नाटक में दूसरे कांग्रेस विधायक के घर ₹1.41 करोड़ मिले थे कर्नाटक में पिछले 8 दिनों में अब तक दो कांग्रेस विधायक शिंकजे में आ चुके हैं। इससे पहले 14 अगस्त को ईडी ने कर्नाटक कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सैल के घर से 1.41 करोड़ रुपए जब्त किए थे। ईडी ने उनके और परिवार के बैंक लॉकरों से 6.75 किलो गोल्ड की ज्वेलरी और बिस्किट बरामद किए थे। ईडी ने बताया कि तलाशी में मिले कैश और सोने के अलावा ₹14.13 करोड़ जमा वाले बैंक अकाउंट भी फ्रीज किए गए हैं और कई अहम दस्तावेज, ई-मेल व रिकॉर्ड भी जब्त हुए हैं। सैल उत्तर कन्नड़ जिले की कारवार विधानसभा सीट से विधायक हैं। मामला साल 2010 में हुए अवैध लौह अयस्क के निर्यात से जुड़ा है। सैल पर आरोप है कि उन्होंने अन्य कंपनियों और बेलकेरी पोर्ट के अधिकारियों के साथ मिलकर करीब 1.25 लाख मीट्रिक टन आयरन गैरकानूनी तरीके से बाहर भेजा था, जिसकी कुल कीमत ₹86.78 करोड़ बताई गई है।

## एस जयशंकर ने टैरिफ पर ट्रंप को खूब सुनाया

**नई दिल्ली,23 अगस्त।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी टैरिफ पर ट्रंप को जमकर सुनाया है। रूसी तेल खरीदने के लिए भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को जयशंकर ने पूरी तरह से गलत बताया है। इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम-2025 में बोलते हुए कहा कि भारत की प्राथमिकता अपने किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा है। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अपने हितों को लेकर कोई समझौता नहीं करते वाला है। जयशंकर ने कहा कि कुछ सीमाए हैं, जिनका पालन करना होगा। हमारे लिए मुख्य तौर पर हमारे किसान और छोटे उत्पादक अहम हैं। इस मामले में हम पीछे नहीं हअ सकते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हमारे सफल या अफसल होने की बात कह सकते हैं। लेकिन बतौर सरकार हम अपने किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए अडिग हैं। हम इसको लेकर दृढ़ हैं। जयशंकर ने कहा कि यह कुछ ऐसा है, जिस पर हम समझौता नहीं कर सकते। एस जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि टैरिफ मुद्दे को गलत तरीके से तेल विवाद के रूप में पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चीन और अन्य यूरोपीय देश तो हमसे ज्यादा मात्रा में रूस से तेल आयात कर रहे हैं। लेकिन टैरिफ वाली बात उनके ऊपर लागू नहीं हो रही है। जयशंकर ने आगे कहा कि जब लोग कहते हैं कि भारत युद्ध के लिए रूस को पैसा दे रहा है, तो उन्हें यह भी देखना चाहिए कि रूस-यूरोपीय व्यापार भारत-रूस व्यापार से कहीं अधिक बड़ा है। इस बात में काफी विरोधाभास है। जयशंकर ने साफ कहा कि भारत को अपने राष्ट्रीय हित में निर्णय लेने का पूरा अधिकार है। उन्होंने इसे रणनीतिक स्वायत्तता बताया। भारत-अमेरिका संबंधों पर बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि तनाव के बावजूद बातचीत जारी है। उन्होंने कहा कि हम दो बड़े देश हैं... लाइनें कटी नहीं हैं, लोग एक-दूसरे से बात कर रहे हैं, और हम देखेंगे कि यह कहां जाता है।



## जिला अस्पताल में महिला गार्ड ने लगाया इंजेक्शन मामले पर हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

**बिलासपुर,23 अगस्त।** गरियाबंद जिला अस्पताल की वायरल तस्वीर, जिसमें अस्पताल की महिला गार्ड एक महिला मरीज को इंजेक्शन लगाती दिख रही है. इस गंभीर लापरवाही पर हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बी.डी. गुरु की बेंच ने मामले में जनहित याचिका के रूप में सुनवाई करते हुए इसे बेहद गंभीर व जीवन से खिलवाड़ बताया. कोर्ट ने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा, कि आप लोग कर क्या रहे हैं, अस्पतालों में यह क्या हो रहा है. अगर किसी की जान चली गई तो जिम्मेदार कौन होगा. कोर्ट ने गरियाबंद कलेक्टर से व्यक्तिगत हलफनामा पेश कर घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है. मामले की अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी.

दरअसल, एनआरएचएम कर्मचारियों की हड़ताल के बीच कुछ दिनो पहले जिला अस्पताल गरियाबंद में स्वास्थ्य विभाग की



लचर व्यवस्था की एक तस्वीर सामने आई, जिसमें अस्पताल में महिला गार्ड द्वारा महिला मरीज को इंजेक्शन लगाने का मामला सामने आया है. इस घटना का वीडियो और फोटो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया. जानकारी के मुताबिक, अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मी मौजूद न होने पर महिला गार्ड ने महिला मरीज को इंजेक्शन लगा दिया. उस वक्त अस्पताल में मौजूद पूर्व पार्षद ने यह नजारा देखा और तुरंत इसका वीडियो बना इंटरनेट मीडिया पर डाल दिया.

मामले को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान शासन ने घटना के सबंध में जवाब दिया, कि सीएमएचओ व सिविल सर्जन को नोटिस जारी किया गया है. चीफ जस्टिस ने इस नोटिस के पालन में क्या किया जा रहा है, इसकी पूरी जानकारी मंगवाते हुए जिला कलेक्टर गरियाबंद से एक निजी शपथपत्र मांगा है, इसमें जिला अस्पताल में ऐसी चूकों की पुनरावृत्ति रोकने उठाए गए उपायों का भी जिक्र होगा. कोर्ट ने कहा कि, यह घटना न केवल चिकित्सा नैतिकता और पेशेवर मानकों का गंभीर उल्लंघन है, बल्कि रोगी देखभाल के स्थापित प्रोटोकाल और जवाबदेही तंत्र की गहरी विफलता को भी उजागर करती है. ऐसी लापरवाही सरकारी अस्पतालों पर जनता के भरोसे को कमजोर करती है और मरीजों की सुरक्षा को सीधा खतरे में डालती है. केवल नोटिस जारी करना पर्याप्त कदम नहीं माना जा सकता, दोषी अधिकारियों की स्पष्ट जिम्मेदारी तय करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस व प्रभावी उपाय न किए जाएं.

## तोमर बंधुओं के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 3000 स्क्वायर फीट की संपत्ति कुर्क

**रायपुर,23 अगस्त।** राजधानी रायपुर में फरार चल रहे कुख्यात तोमर बंधुओं वीरेंद्र तोमर और रोहित तोमर पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है. बुधवार को सेशन कोर्ट द्वारा तोमर बंधुओं की अग्रिम जमानत खारिज किए जाने और संपत्ति कुर्क करने की मंजूरी मिलने के बाद आज जिला प्रशासन की टीम ने उनकी संपत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. एसडीएम नंद कुमार चौबे, तहसीलदार पुलिस की टीमों ने तोमर बंधुओं के भाठागांव स्थित तोमर बंधुओं के साईं विला मकान और जमीन को कुर्क किया है. कुर्क की गई संपत्ति कुल 3,000 स्क्वायर फीट है, जिसमें वीरेंद्र और रोहित दोनों भाइयों की 1,500-1,500 स्क्वायर फीट की संपत्ति है. इसके अलावा राजधानी के आसपास स्थित उनकी तीन और





जमीनों की कुर्की की कागजी कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है. बता दें, तोमर बंधुओं के लगातार 2 महीने से फरार रहने के चलते एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने पहले ही दोनों भाइयों की गिरफ्तारी पर 5-5 हजार का इनाम घोषित कर रखा है. साथ ही पुलिस ने उनकी संपत्तियों को कुर्क करने की मांग कोर्ट से की थी, जिसे बुधवार को अदालत ने मंजूरी दे दी. कोर्ट से कलेक्टर को कुर्की के आदेश मिलने के बाद प्रशासनिक टीम ने यह कार्रवाई शुरू की. **बचाव पक्ष की आपत्ति**-तोमर बंधुओं के वकील ने कुर्की आदेश पर आपत्ति जताई है. उनका कहना है कि उन्होंने 18 अगस्त को आवेदन दायर किया था. जिस पर 20 अगस्त को सुनवाई तय थी. लेकिन उससे पहले ही बिना पक्ष सुने कुर्की आदेश जारी कर दिया गया, जो न्यायसंगत नहीं है. इस पर अब गुरुवार को कोर्ट में सुनवाई होगी.






# बीजापुर में विस्थापन प्रक्रिया शुरू इंद्रावती टाइगर रिजर्व से हटेंगे 21 गांव

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के इंद्रावती टाइगर रिजर्व के तहत आने वाले गांवों के लिए विस्थापन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो परिवार अपनी मर्जी से विस्थापित होना चाहते हैं उन्हें 15 लाख रुपए और रहने के लिए जमीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रिजर्व के 21 गांव को लोगों को प्रशासन की तरफ से 15 लाख रुपए के साथ रहने के लिए जमीन भी दी जाएगी। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के कोर इलाके के ग्रामीणों के विस्थापन के लिए तेज कर दी है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के तहत 76 गांव आते हैं। पहले चरण में विस्थापन के लिए प्रशासन ने 21 गांवों का चयन किया गया है।

इंद्रावती टाइगर रिजर्व के दायरे में आने वाले कुछ गांव के लोग नक्सलवाद के कारण गांव छोड़ चुके हैं। कई लोगों ने विस्थापन के लिए आवेदन करना भी शुरू कर दिया है, जिसमें से एक गांव के ग्रामीणों ने विस्थापन के लिए सहमति दी है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि इसके लिए कुछ गांव के ग्रामीण आवेदन कर रहे हैं।

### लोगों को सुरक्षित बसाने का प्रयास

वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव एवं इंद्रावती टाइगर रिजर्व के क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती स्टायलो मांडवी ने बताया कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर इंद्रावती नदी के किनारे होने का कारण ही इस टाइगर रिजर्व का नाम इंद्रावती रखा गया है। यह देश के सबसे प्रसिद्ध बाघ अभयारण्यों में से एक है। वन्य जीव ग्रामीण इलाकों में घुस जाते हैं, जिससे यहां के लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में लोगों को सुरक्षित बसाने के लिए प्रशासन ने इन 21 गांव का चयन किया है।

### रिजर्व के 21 गांव चयनित

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में 76 गांव में से 21 गांव उसकामेटा, मोदकवाया, पुम्बाली, मुचलेर, मर्रादगपाल, पावम, बीवरी, पालदेवी, चुचकोन्टा, बडेगुण्डम, डोडीमरका, गुमनेर, ओरसनपल्ली, बोरमेटा, कुपरेल, बडे आलवाड़ा, गुटटामारका, गोरगुंडा, रामगुटटा एवं पेनगुंडा को विस्थापित के लिए चयनित हुए हैं।

### विस्थापित के बाद पर्यटकों के लिए खुल जाएगा रिजर्व

बताया जा रहा है कि, इंद्रावती टाइगर रिजर्व लाल आतंक के चलते 40 सालों से पर्यटकों से दूर रहा। ग्रामीणों के विस्थापित होने के बाद यह खूबसूरत नेशनल पार्क देश दुनिया के पर्यटकों के लिए खुल 7 जाएगा,

जहां आम लोग भी आसानी से राजकीय पशु वन भैंसा, टायगर, चीता एवं अन्य वन प्राणी को देख सकेंगे। यह रिजर्व तीन राज्यों से घिरा हुआ है, तेलेंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा में 2799 वर्ग किलोमीटर फैला हुआ है।

## एक नजर

### ऑनलाइन ठगी के मामले में दो नाबालिग समेत चार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 23 अगस्त।** भिलाई सुपेला थाना पुलिस ने ऑनलाइन ठगी के लिए इस्तेमाल म्युल अकाउंट के मामले में दो नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस के मुताबिक आरोपी नरेश कुपाल ने अपने पहचान पत्रों का उपयोग कर बैंक खाता खुलवाया इस खाते में 1 लाख 19 हजार 98 रुपए ऑनलाइन ठगी से जमा हुआ था सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने बैंक ऑफ इंडिया, सुपेला शाखा के खाते की जांच की जांच में सामने आया कि जामुल निवासी आरोपी नरेश कुपाल ने अपने पहचान पत्रों का उपयोग कर बैंक खाता खुलवाया था इस खाते को आरोपी राहुल निषाद को दे दिया राहुल के दो नाबालिग दोस्तों ने उस खाते को ऑनलाइन ठगी के इस्तेमाल किया। खाता को खंगालने पर पता चला कि 1 लाख 19 हजार 98 रुपए ऑनलाइन ठगी से प्राप्त राशि के रूप में जमा हुई थी। मामले की जांच के बाद आरोपी कुरुद निवासी नेरश कुपाल (18 साल), राहुल निषाद (19 साल ) और दोनों नाबालिगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई।

### 28 हजार रुपए की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 23 अगस्त।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के शराब भट्ठी के लिए जमीन किराए पर देने के एवेज में हजारों रुपए महीना किराए दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग



लोगों से 7 लाख 28 हजार रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुरानी भिलाई टीआई अंम्बेर सिंह भारद्वाज ने बताया कि ग्राम रिंगनी निवासी श्रीकांत साहू को आरोपी भवानी शंकर तिवारी ने प्रलोभन दिया उसने आबकारी विभाग में अपनी पहुंच बताया और उससे कहा कि उसकी अधिकारियों के बीच अच्छी पैठ है सिफारिश करके श्रीकांत की जमीन पर शराब भट्ठी खुलवा देगा जिससे किराए के तौर पर हजारों रूपए महिना मिलने लगेगा। उसके झांसे में आकर 25 व 26 दिसम्बर 2024 को श्रीकांत साहू ने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडियां के खाता से भवानी शंकर के दोस्त फरीद की पत्नी निलोफर के खाते में 20 हजार रुपए, 8 जनवरी 2025 को भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के खाता से 15 हजार रुपए ट्रांसफर किए। वहीं किस्त में एक्सीस बैंक खाता से ऑनलाइन 1 लाख 62 हजार रुपए और भवानी शंकर तिवारी को 1 लाख 67 हजार रुपए नकद दिए न तो उसकी जमीन पर शराब भट्ठी खुली और न ही उसे किराया मिला अब उसके द्वारा दी गई रकम को भी नहीं लौटा रहा था मामले में आरोपी चरोदा बस्ती निवासी फरीद अहमद को गिरफ्तार कर लिया आरोपी के खिलाफ धारा 319 (2), 318(4), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया ।

### ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 23 अगस्त।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र के जेवलरी शॉप में चोरी मामले में पुलिस ने चार आरोपी को गिरफ्तार किया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम मेढेसरा नंदनी के मां दुर्गा ज्वेलर्स का शटर तोड़कर चोरी करने की सूचना पुलिस को मिली थी। एसीसीयू और थाना नंदनी की टीम ने आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया मुखबिर की सूचना पर छावनी के निगरानी बदमाश कैम्प - 1 छावनी निवासी बादल सोनी किराये का मकान लेकर ग्राम बोड़ेगॉव में रह रहा है। जिसे घेराबंदी कर पुलिस ने पकडा, पूछताछ करने पर अपने दोस्त तिलइरवार (टप्पा) राजनांदगांव सूरज कोसरे, नितिन झाडे, धनेश्वर साहू के साथ घटना को अंजाम देना स्वीकार किया आरोपियों ने शॉप में पहले रेकी कर सीसीटीवी कैमरों को डिस्कनेक्ट कर शटर को सब्बल से उखाड़ा। पूर्व दो सिद्धि की धारा जोड़कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 किलो चांदी के जेवरात 4 लाख रुपये, दो बाइक, सब्बल जब्त किया। गौरतलब है कि दो माह से क्षेत्र में चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई थीं। इसको लेकर दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने एसीसीयू और नंदिनी पुलिस को टीम बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे धमधा एसडीओपी व एसीसीयू की टीम ने मिलकर बड़े मामले को पर्दाफाश किया है।

### सामान्य सभा की बैठक 4 सितम्बर को

**दुर्ग, 23 अगस्त ।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 04 सितम्बर 2025 को जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। बैठक में शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, उद्यानिकी विभाग, विद्युत विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## भिलाई में तीज मिलन समारोह का आयोजन



**भिलाई, 23 अगस्त ।** भिलाई ट्रक-ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोशिएशन के अध्यक्ष एवं युवा समाजसेवी इंद्रजीत सिंह छोटू के मुख्य आतिथ्य में सर्व महिला समाज कोहका द्वारा तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पारंपरिक गीतों के साथ ही झूले और तीज की अन्य लोक रीतियों ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया। इस अवसर पर महिला समाज को सम्बोधित करते हुए इंद्रजीत सिंह छोटू ने कहा कि यह पर्व अखण्ड सौभाग्य और नारी के सम्मान का प्रतीक है, जिसे सुहागिन माताएं बहनें हर्षोल्लास के साथ मनाती हैं। उन्होंने उपस्थित माताओं-बहनों को तीज की बधाई दी। इस अवसर पर अनेक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गयीं। निर्णायक मंडल की श्रीमती नेहा गुप्ता, अन्नू कोहली, श्रीमती अन्नू राणा, श्रीमती प्रमिला दुबे एवं आयोजन समिति की प्रमुख मनीषा हिंदरिया, लक्ष्मी जंघेल, दुर्गा राजपूत, ललिता साहू, जागेश्वरी साहू प्रीति शर्मा, वंदना पाटणकर, सरिता यादव, वर्षा दुबे सहित अनेक मातृ शक्तियां इस अवसर पर उपस्थित रहीं ।

### ग्राम पुसेवाड़ा में चिकित्सा शिविर का आयोजन



**भिलाई, 23 अगस्त।** दुल्की माइन्स के समीप स्थित ग्राम पुसेवाड़ा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 51 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गया। प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।

## नाली पर रेत-गिट्टी का ढेर लगाकर रोक दिया था पानी निकासी का रास्ता

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के गुलमोहर कॉलोनी में नालियों के ऊपर गिट्टी-बालू रखे जाने से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे स्थानीय रहवासी परेशान हो गए। निगम की जांच में पाया गया किए कॉलोनी की मुख्य नाली पर संस्कार फ्लेक्स अनिता अग्रवाल द्वारा गिट्टी-बालू रखा गया था, जिसके कारण नाली जाम हो गई और पानी की निकासी बंद हो गई।

आयुक्त ब्रजेश सिंह क्षत्रिय के निर्देश पर नगर निगम की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मौके पर ए.ई. सूरज देवांगन, सब इंजीनियर मुन्ना ओझा और सफाई दरोगा सहित पूरी टीम मौजूद रही। अधिकारियों की देखरेख में गिट्टी-बालू को जप्त किया गया और तत्काल नालियों की सफाई करवाई गई। त्वरित कार्रवाई के बाद कॉलोनी का जलभराव खत्म हुआ और स्थिति सामान्य हो गई।संस्कार फ्लेक्स पर लगाया 20 हजार का जुर्मानानिगम प्रशासन ने नियमों का उल्लंघन करने पर संस्कार फ्लेक्स पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत साइबर सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**दुर्ग, 23 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती 2025 के उपलक्ष्य में साइबर सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रम डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय जिला दुर्ग में आयोजित की गई। साइबर सेल के नोडल अधिकारी श्री संकल्प राय सर एवं साइबर एक्सपर्ट श्री आरिफ खान द्वारा साइबर अपराध क्या है उससे बचने के उपाय साइबर टोल फ्री नंबर 1930 मजबूत पासवर्ड की आवश्यकताए ओटीपी एवं क्यूआरकोड की सावधानियां, अनजान लिंक मेट्रोमोनियल साइट एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे कई महत्वपूर्ण तथा समसामयिक घटनाओं के विषयों पर जानकारी प्रदान की गई।

## आयुक्त ने ई-लाईब्रेरी एवं ट्रैफिक पार्क का किया निरीक्षण



**भिलाई, 23 अगस्त ।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 05 अंतर्गत शहीद उद्यान में ई- लाइब्रेरी एवं ट्रैफिक पार्क का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण किया । आयुक्त ने सेक्टर 05 शहीद उद्यान में अधोसंरचना मद अंतर्गत निर्माणाधीन ई-लाइब्रेरी एवं रीडिंग रूम का निरीक्षण किया। ई-लाइब्रेरी के बनने से शहर के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सुविधाएं मिलेंगी। युवाओं के पढ़ने के लिए शांत वातावरण एवं अलग से रीडिंग रूम रहेगा। जहां युवा एकाग्र होकर अपने विषय से संबंधित पुस्तकें पढ़ सकेगें। शहरवासियों एवं विद्यार्थियों के लिए यह एक बड़ा तोहफा है। आयुक्त पाण्डेय द्वारा सिविक सेंटर स्थित ट्रैफिक पार्क का निरीक्षण किया गया । ट्रैफिक पार्क में आम नागरिकों को यातायात के नियमों की जानकारी मिलेगी जो कि शिक्षाप्रद है। उद्यान में हरियाली, ब्यूटीफिकेशन एवं बच्चों हेतु खेलकूद सामग्रियों को प्राथमिकता दिया गया है। शिक्षाप्रद जानकारी के लिए सपरिवार घूमने एवं मनोरंजन हेतु ट्रैफिक पार्क अनुकूल एवं सही है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता दीपक देवांगन, ठेकेदार कुणाल बिल्डर्स एवं प्रमोद पांडेय उपस्थित रहे।

## शहर के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने देखा इंदौर शहर में स्वच्छता का मॉडल

**भिलाई, 23 अगस्त ।** नगर निगम के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के स्वच्छता मॉडल प्रथम दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने सर्वप्रथम इंदौर स्वच्छता मॉडल का प्रशिक्षण अंतर्गत गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया । प्रशिक्षक द्वारा बताए जानकारी एवं अवलोकन अनुसार इंदौर शहर को संचालित करने हेतु 22 जोन बनाए गए हैं, कुल 85 वार्ड हेतु गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन की संख्या 10 है। सभी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन गाड़ियों के माध्यम से पहुंचाया जाता है। कचरा इकट्ठा करने वाले गाड़ियों में दो भाग होते हैं, पहले सूखा कचरा और दूसरा गीला कचरा हेतु गाड़ियों में खंड होता है। सूखा कचरा वाहन



के पीछे होता है जिसे एक मशीन से संचालित हाइड्रोलिक टैंक में पलटा जाता है । इसमें ज्यादातर डिस्पोजल, पॉलिथीन, रैपर एवं प्लास्टिक आइटम होता है । जो ठोस अपशिष्ट सेग्रीगेशन हेतु प्रोसेसिंग सेंटर भेज दिया जाता है। दूसरा गीला कचरा का भी मशीन संचालित केन में पलटा जाता है। गीले कचरे का खाद एवं गैस निर्माण हेतु उपयोग किया जाता है। एवर एनवायरमेंट रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित बायो सीएनजी संयंत्र गीले कचरे का प्रसंस्करण किसकी क्षमता 550 टीपीडी है। सभी जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण सीबीजी प्लांट का अवलोकन कर संचालन एवं तकनीकी जानकारी प्राप्त करते हुए विस्तार से समझे। सूखे कचरे के निपटान हेतु नेप्रा रिसोर्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 22 आइटम का सेग्रीगेशन हेतु 100 टीपीडी क्षमता वाले वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट लगाया गया है। जिसका अवलोकन कर संचालन की तकनीक को बारीकी से समझे । यहां कोई भी जनप्रतिनिधि जन्मदिन या बधाई संदेश के लिए पोस्टर, बैनर या बड़े होर्डिंग का उपयोग नहीं करते हैं। ब्यूटीफिकेशन को प्राथमिकता दिया गया है और हम नागरिक स्वच्छता के प्रति जागरूक हैं। स्वच्छता प्रशिक्षण हेतु इंदौर शहर भ्रमण के दौरान महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद सदस्य गण, नेता प्रतिपक्ष, जोन अध्यक्ष, जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे ।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश को दी गयी जन्मदिन की बधाई



**भिलाई, 23 अगस्त ।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके जन्मदिन पर बधाई दी गयी। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन की ओर से अनेक लोगों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, संरक्षक गनी खान, सुधीर सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष मुन्ना सिंह, सचिव बलजीन्दर सिंह, दिलीप खटवानी, शाहनवाज कुरैशी, कोषाध्यक्ष जोगा राव, निर्मल सिंह, सुनील चौधरी, अमित सिंह, सुनील यादव, वाजिद अंसारी, प्रेम सिंह, विनय अग्रवाल, संतोष सिंह, रोशन लाल वर्मा ,यश सिंह, सोम सिंह, यशराज सिंह, राम धनी यादव, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।

### अरुण साव शामिल हुए स्वदेशी सुरक्षा अभियान कार्यक्रम में

**दुर्ग, 23 अगस्त ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज दुर्ग जिले के नया बस स्टैंड पहुँचे, जहाँ उन्होंने स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कोका-कोला और पेप्सी जैसी विदेशी पेय सामग्रियों को प्रतीकात्मक रूप से नाली में बहाकर विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पहचान को जागृत करने का माध्यम है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि भारत को विश्व गुरु और सोने की चिड़िया हमारे संस्कारों और स्वभाव के कारण कहा जाता है। स्वदेशी केवल उत्पादों का चयन नहीं, बल्कि हमारी आत्मा से जुड़ा विषय है।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया बेमेतरा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण



**बेमेतरा, 23 अगस्त।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज बेमेतरा जिला चिकित्सालय का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर मरीजों से मुलाकात की और चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने मरीजों से उनके इलाज, भोजन, दवा उपलब्धता और अस्पताल की समग्र सेवाओं को लेकर सीधे संवाद किया। मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन द्वारा दी जा रही सुविधाओं पर संतोष जताया और किसी तरह की विशेष परेशानी न होने की बात कही।स्वास्थ्य मंत्री ने दवा भंडार कक्ष का भी निरीक्षण किया और स्टॉक की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में मरीजों को आवश्यक दवाओं के लिए बाहर न जाना पड़े। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी जरूरी दवाएं अस्पताल में समय पर उपलब्ध हों। मंत्री श्री जायसवाल ने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाएं और समय पर गुणवत्तापूर्ण इलाज सुनिश्चित करें। उन्होंने अस्पताल परिसर की स्वच्छता व्यवस्था की भी समीक्षा की और कहा कि अस्पताल का वातावरण स्वच्छ और मरीजों के अनुकूल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्राथमिक लक्ष्य है कि हर नागरिक को बेहतर, सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

## कवर्धा अस्पताल में सीटी स्कैन सुविधा, महज एक माह के भीतर 145 मरीजों को अब तक मिला लाभ



**कवर्धा , 23 अगस्त।** प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयास और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर कबीरधाम जिले को एक ऐतिहासिक सौगात मिली है। जिला बनने के बाद पहली बार कबीरधाम जिला अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा प्रारंभ की गई है। 25 जुलाई 2025 को इस सुविधा का शुभारंभ हुआ और महज एक माह से भी कम समय में लगभग 145 मरीजों को इसका लाभ मिल चुका है।

अब तक कबीरधाम जिले के लोगों को सीटी स्कैन जैसी जांच के लिए रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों का रुख करना पड़ता था। इसमें समय और धन दोनों की दिक्कत होती थी। लेकिन अब यह सुविधा शासकीय जिला अस्पताल में उपलब्ध होने से जरूरतमंद मरीजों और उनके परिवारों को बड़ी राहत मिली है।जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ केशव ध्रुव ने बताया कि महज एक माह से भी कम समय में लगभग 145 मरीजों को इसका लाभ मिल चुका है। अब तक सीटी स्कैन जांच का लाभ विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे मरीजों ने उठाया है जिसमें पंडरिया ब्लॉक से 22 मरीज,बोडला से 35 मरीज, सहसपुर लोहारा से 25 मरीज, कवर्धा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से 50 मरीज अन्य जिलों से 13 मरीज । इनमें से 14 मरीजों का स्कैन आपातकालीन स्थिति में किया गया, जो मरीजों के उपचार में बेहद सहायक साबित हुआ।

### फिल्मी स्टाइल में गरियाबंद पुलिस में गांजा तस्करों को पकड़ा करीब दो क्विंटल बरामद चार गिरफ्तार

**गरियाबंद, 23 अगस्त।** सिटी कोतवाली पुलिस ने फिल्मी स्टाइल में कार्रवाई करते हुए पहली बार जिले में इतनी बड़ी मात्रा में गांजा तस्करी का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 01 क्विंटल 90 किलो गांजा जब्त करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक युवती भी शामिल है। बरामद गांजा उड़ीसा से गरियाबंद मार्ग होते हुए जबलपुर (मध्यप्रदेश) ले जाया जा रहा था। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान तस्करों के कब्जे से इनोवा और बोरनो दो लग्जरी कार भी जप्त की हैं।

जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने छुरा इलाके से संदिग्ध वाहनों का पीछा शुरू किया। काफी दूरी तक चले इस पीछा-भागी में पुलिस ने मालगांव के पास सी.पी.आर वाहन से संदिग्ध कार को ठोकर मारकर रोका। इस दौरान इनोवा और बोरनो कार में सवार तिन युवक और एक युवती को गिरफ्तार कर लिया गया। वाहनों की तलाशी लेने पर उनमें भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार जब्त गांजे की कीमत लाखों रुपये आंकी गई है।

## मंत्रालय में स्टाफ की कमी से आवश्यक कामकाज प्रभावित

**रायपुर, 23 अगस्त ।** महानदी मंत्रालय में इस समय कर्मचारियों और अधिकारियों का टोटा बना हुआ है जिससे वर्क ऑफ कल्चर नहीं पनप रहा है। आईएएस अधिकारी सहित कर्मचारियों की निरंतर सेवानिवृत्ति के पश्चात यहां पर अधिकारी एवं कर्मचारी के पास इतना वर्क लोड हो गया है कि वे काम नहीं कर पा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार सरकारी विभागों को 17 ग्रुप में रखकर प्रशासनिक कामकाज किया जा रहा है। 13 वर्ष के रिब्यू के पश्चात पाया गया है कि अब तक 300 से 325 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं तथा कई अधिकारी जो कि विभिन्न जिलों विशेष कर दुर्ग जिले से आए थे वे अपनी मूल विभाग में चले गये हैं। सबसे ज्यादा कर्मचारी शिक्षा विभाग से तथा जिला कार्यालय से आए थे। दुर्ग राजनांदगांव तथा डोंगरगढ़ से मंत्रालय कर्मचारी प्रतिदिन अप डाउन कर रहे थे जिनकी सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन में बस लगायी जाती है। इन्हें मंत्रालय प्रतिदिन लाया ले जाया जाता है।

मुख्य सचिव से मिली जानकारी के अनुसार डीओपीटी मंत्रालय ने राज्य के लिए 162 आईएएस अधिकारियों का कैडर तय किया है। इनमें से अधिकांश अधिकारी राज्य प्रशासनिक सेवा से आ रहे हैं। वहीं डारेक्ट आईएएस की कमी भी है इस समय प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी बढ़ते जा रहे है जबकि नीचे लेबल के अधिकारी कम हो रहे हैं। जिसके कारण आवश्यक कामकाज प्रभावित हो रहा है। उच्च शिक्षा आयुक्त संतोष देवांगन वर्तमान में आयुक्त के अलावा वन विभाग के विशेष सचिव, प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, पी दयानंद तथा अविनाश चंपावत दोहरे प्रभार पर है। जिसके चलते वे एक विभाग में अपना समय नहीं दे पाते हैं। सबसे बुरा हाल उच्च शिक्षा का है जहां पर आयुक्त से फाइल होकर सचिव के पास जाती है। इसके पश्चात प्रमुख सचिव के हस्ताक्षर से फाइल भार साधक के पास पहुंचती है जिसके कारण यहां पर कामकाज प्रभावित हो रहा है स्कुल शिक्षा में भी यही हाल है। प्रदेश के अन्य विभागों में जिसमें वित्त सामान्य प्रशासन एवं आदिम जाति विभाग में दोहरे प्रभार में है।

## संपादकीय

### दलील पुष्टि के लिए सार्वजनिक विरोध

बिहार में वोट अधिकार यात्रा कर राहुल गांधी जिस वक्त वोट चोरी का आरोप मढ़ रहे थे, ठीक उसी वक्त मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार दिल्ली में जवाबी कार्रवाई का ऐलान कर रहे थे।

उन्होंने प्रेस कांफ्रेस के मार्फत से राहुल के सवालों का जवाब देते हुए आरोपों को बेबुनियादी ठहराया। बिना हलफनामा दाखिल किए, इनकी जांच नहीं होने की बात करते हुए ज्ञानेश ने कहा, यदि राहुल सात दिन के भीतर माफी नहीं मांगते तो इन आरोपों को बेबुनियादी समझा जाएगा। गांधी ने आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगाते हुए पांच सवाल किए थे। जिनमें चुनाव आयोग द्वारा बड़े पैमाने में वोटर लिस्ट में फर्जीवाड़ा करने, भाजपा के एजेंट की तरह काम करने, मतदान के वीडियो सबूत नष्ट करनेडिजिटल फॉम्रेट में मतदाता सूची न मुहैया कराने व विपक्ष के सवालों के जवाब की बजाए उसे धमकाने के कारण पूछे थे। इसमें बिहार में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर भी सवाल शामिल थे। आयोग का दावा है कि वह मजबूती से मतदाताओं के साथ खड़ा है।कुमार ने वोट चोरी जैसे शब्दों के प्रयोग को करोड़ों मतदाताओं व लाखों चुनाव कर्मचारियों की ईमानदारी पर हमला बताया। आयोग का दावा है कि देश के तीन लाख नागरिकों की एपिक संख्या मिलती-जुलती है। जिसके संज्ञान में आते ही बदलाव किया गया। कांग्रेस ने ज्ञानेश कुमार पर भाजपा प्रवक्ता की तरह बात करने का आरोप लगाते हुए संवैधानिक रूप से दायित्व निभाने की सलाह दी। बेशक अपनी पहली प्रेस कांफ्रेस में मुख्य संवैधानिक संस्था के मुखिया की बजाए राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की तरह बात करके ज्ञानेश विपक्ष के आरोपों के सटीक जवाब देने से बचते नजर आए। जल्दबाजी में उठाए गए उनके इस कदम से नाराज विपक्ष ज्ञानेश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रहा है। ध्यान देने वाली है कि मुख्य चुनाव आयुक्त या अन्य चुनाव आयुक्तों को अधिनियम 2023 के अनुसार उसी आधार पर हटाया जा सकता है, जिस आधार पर न्यायाधीश को हटाया जा सकता है। हालांकि विपक्ष के पास इसे पारित कराने भर की संख्या नहीं है, मगर अपनी दलील की पुष्टि के लिए वे सार्वजनिक मंच से विरोध करने में सफल होते नजर आना चाहेंगे।

# पर्यावरणीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है पोला

छत्तीसगढ़, जिसे धान का कटोरा के रूप में जाना जाता है, एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां की संस्कृति और परंपराएं गहरे रूप से खेती-किसानी और प्रकृति से जुड़ी हुई हैं। यहां के त्यौहार और पर्व न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाते हैं, बल्कि किसानों और उनके पशुधन के प्रति सम्मान और कृतज्ञता को भी व्यक्त करते हैं। इनमें से एक प्रमुख और लोकप्रिय पर्व है पोला, जो छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व विशेष रूप से किसानों और उनके बैलों के प्रति समर्पित है, जो खेती में उनकी सबसे महत्वपूर्ण सहायता करते हैं। पोला छत्तीसगढ़ का एक पारंपरिक और सांस्कृतिक पर्व है, जो भाद्रपद मास की अमावस्या को मनाया जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से कृषि और पशुधन, विशेषकर बैलों की पूजा से जुड़ा है। छत्तीसगढ़ के अलावा, यह पर्व महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। यह त्यौहार किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यह उनकी मेहनत और पशुधन के योगदान को सम्मान देने का अवसर प्रदान करता है। पोला पर्व का मूल उद्देश्य खेती में बैलों के योगदान को मान्यता देना और उनकी पूजा करना है। यह छत्तीसगढ़ की सनातन परंपराओं और कृषि संस्कृति से गहराई से जुड़ा हुआ है। बैल, जो खेती में किसानों के सबसे बड़े सहायक हैं, इस दिन विशेष सम्मान के पात्र बनते हैं। यह पर्व मानसून के समापन और खरीफ फसल की बोआई के बाद मनाया जाता है, जो किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण समय होता है। पोला पर्व की तैयारियां कई दिन पहले से शुरू हो जाती हैं। पोला पर्व के दिन, सुबह



से ही उत्साह का माहौल होता है। किसान अपने बैलों को नदी या तालाब में ले जाकर स्नान कराते हैं। इसके बाद बैलों को रंगों, कपड़ों, घुंघरू, घंटियों, और कौड़ियों से सजाया जाता है। उनके सींगों पर पॉलिश और रंग लगाए जाते हैं, और गले में आभूषण पहनाए जाते हैं। बैलों को विशेष भोजन, जैसे गुड़ और चावल का मिश्रण, खिलाया जाता है। जिनके पास बैल नहीं होते, वे मिट्टी या लकड़ी से बने बैलों की पूजा करते हैं। पूजा में चंदन का टीका, धूप, अगरबत्ती, और माला का उपयोग किया जाता है। घरों में महिलाएं पारंपरिक छत्तीसगढ़ी पकवान बनाती हैं, जैसे चीला, गुड़हा, अनरसा, सोहरी, चैसला, ठेठरी, खुरमी, बरा, मुरकु, भजिया, तसमई आदि। ये व्यंजन चावल, गुड़, तिल, और अन्य स्थानीय सामग्रियों से तैयार किए जाते हैं, जो छत्तीसगढ़ की खाद्य संस्कृति को दर्शाते हैं। बच्चों के लिए यह पर्व विशेष रूप से रोमांचक होता है। वे मिट्टी या लकड़ी से बने खिलौनों, जैसे बैल और रसोई के बर्तनों के साथ खेलते हैं। कुछ क्षेत्रों में इस दिन बैल दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, जो पर्व के उत्साह को और बढ़ाती हैं। पोला पर्व का महत्व केवल धार्मिक या कृषि तक सीमित नहीं है। यह सामाजिक, सांस्कृतिक, और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। बैल खेती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी पूजा करके किसान अपनी समृद्धि और प्रगति के लिए आभार व्यक्त करते हैं। यह पर्व छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखता है। बच्चों को मिट्टी के खिलौनों जैसे खेलों के माध्यम से अपनी संस्कृति और प्रकृति के महत्व का ज्ञान होता है। बैलों और प्रकृति की पूजा के माध्यम से यह पर्व पर्यावरण और पशुधन के संरक्षण का संदेश देता है। यह हमें हमारी जड़ों और प्रकृति के साथ जुड़ाव की याद दिलाता है। आधुनिक युग में, जहां मशीनों ने खेती में बैलों की भूमिका को कुछ हद तक कम कर दिया है, फिर भी पोला पर्व अपनी प्रासंगिकता बनाए रखता है। यह पर्व न केवल सांस्कृतिक धरोहर को संजोता है, बल्कि हमें यह भी सिखाता है कि हमें अपने पर्यावरण और पशुधन का सम्मान करना चाहिए। शहरी क्षेत्रों में भी यह पर्व छोटे स्तर पर मनाया जाता है, जहां लोग मिट्टी के बैलों की पूजा करते हैं और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेते हैं।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप कुछ नया करने की सोचेंगे, लेकिन आपको कामों में कुछ उलझनें आएंगी, जिससे आपको टेंशन भी रहेगी। आपको कामों समस्याएं भी हो सकती हैं। आप अपने धन से संबंधित मामलों को मिल बैठकर निपटाने की कोशिश करें और यदि आपको कोई जिम्मेदारी मिले, तो आप उसको किसी दूसरे पर ना डालें। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आने से भागदौड़ अधिक रहेगी। आपकी अच्छी सोच का कार्यक्षेत्र में आपको लाभ मिलेगा।

वृषभ आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपके सुख-सुविधाएं बढ़ने से खुशी होगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। लेनदेन से संबंधित मामलों को आप मिल बैठकर निपटाने की कोशिश करें, जो विद्यार्थी अपने विषयों में कोई बदलाव करने की सोच रहे हैं, तो उसके लिए आप किसी सीनियर से सलाह मशवरा आवश्यक करें। आप किसी निर्णय को जल्दबाजी में ले सकते हैं, जो बाद में आपकी टेंशनों को बढ़ा सकता है। आप दोस्तों के साथ किसी पार्टी आदि को कर सकते हैं।

मिथुन आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। छोटे बच्चों के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करेंगे, उनके लिए आप कुछ खाने पीने की चीज आदि भी लेकर आ सकते हैं। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सा संभलकर करें, क्योंकि कोई दुर्घटना होने की संभावना बनती दिख रही है। रचनात्मक विषयों में काफी रुचि रहेगी। माता-पिता की सेहत पर आपको पूरा ध्यान देना होगा।

कर्क आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला आपको टेंशन देगा। कार्यक्षेत्र में कोई आपको धोखा देने की कोशिश करेगा, जिसके लिए आपको अपनी आंख और कान खुले रखने होंगे। आप अपनी इनकम को बढ़ाने का सोर्सो पर भी पूरा ध्यान देंगे। परिवार में किसी वाद-विवाद को आप मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें, नहीं तो बाहरी व्यक्ति इसका फायदा उठाने की कोशिश करेगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

सिंह आज आपको अपने बढ़ते खर्चो को कंट्रोल करने की आवश्यकता है। ससुराल पक्ष से आपको मान-सम्मान मिलेगा। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम शुरू कर सकते हैं। आपकी कोई आदत परिवार के सदस्यों के लिए सिरदर्द बन सकती है। आप अपने कामों को लेकर मिल बैठकर चले। जीवनसाथी से आपके रिश्ते पहले से बेहतर रहेंगे। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें अपनी मेहनत जारी रखनी होगी।

कन्या आज का दिन आपके लिए सेहत पर ध्यान देने के लिए रहेगा। तकनीकी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी। आपकी कला कौशल में निखार आएगा, जिससे आप कुछ बड़े-बड़े निर्णय आसानी से ले सकेंगे। आप किसी के बहकावे में आकर कोई काम ना करें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को लेकर आपको टेंशन बनी रहेगी। आप किसी को धन उधार देने से बचें।

तुला आज का दिन आपके लिए सफलता दिलाने वाला रहेगा। आप किसी बात को लेकर वाद विवाद में ना पड़ें। आप किसी नए बिजनेस की शुरुआत करने की प्लानिंग कर सकते हैं। कोई प्रॉपर्टी को लेकर मुद्दा आपको समस्या देगा, इसलिए आप किसी ऐसे काम में आगे ना बढ़ें। आपको परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर पूरा ध्यान देना होगा, इसलिए आप उनको समय दें और काम के साथ-साथ आराम के लिए भी समय निकाले। आपके विरोधी आपको किसी वाद-विवाद में फंसाने की कोशिश करेंगे। आपको बुद्धि का प्रयोग करना होगा।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके गृहस्थ जीवन में यदि कुछ समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं को लेकर कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। आपकी कोई इच्छा लंबे समय से अधूरी थी, तो उसके लिए पूरा होने की संभावना है। किसी विपरीत परिस्थिति में आपको धैर्य बनाए रखना होगा। किसी दूसरे के मामले में आप बेवजह ना बोले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

धनु आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के मन में चल रही उलझनों को जानने की कोशिश करनी होगी। आप किसी परिवार के सदस्य पर कोई फैसला ना डालें और उन्हें काम को लेकर सलाह अवश्य दें। संतान को तरक्की करते देखा आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

मकर आज का दिन आपके लिए सेहत के मामले में एहतियात बरतने के लिए रहेगा। आपके कुछ गुप्त शत्रु आपका नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। बिजनेस में आप किसी अजनबी से कोई लेन-देन ना करें। नौकरी में कार्यरत लोगों के बॉस उनके कामों पर नजर रखेंगे, इसलिए आपके आपको अपने कामों पर ध्यान देना होगा। यदि आप धन को लेकर परेशान चल रहे थे, तो आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। दोस्तों और भाइयों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा।

कुंभ आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके घर में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। परिवार में खुशियां भरपूर रहेंगी। भगवान जी की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें, नहीं तो इससे आपके बेवजह के दोस्तों में कड़वाहट होने की संभावना है। माता जी आपको कोई जिम्मेदारी दे, तो उसे लेकर ढील बिल्कुल ना दें। आप अपने आलस्य को त्यागकर काम में जुट सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

मीन आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। यदि आपका धन डूबा हुआ था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आपके बिजनेस में चार चांद लगेंगे। आपको कुछ अपरिचित लोगों से भी मदद मिलने की संभावना है। आप अपने मन में कुछ नया करने की ठान सकते हैं। सिंगल लोग यदि किसी से प्रेम करते हैं, तो उनसे अपने प्यार का इजहार कर सकते हैं। आपके कामों में यदि चुनौतियां आएंगी, तो आप उनसे घबराएं नहीं बल्कि उनका डटकर सामना करें। आप अच्छे खानपान का आनंद लेंगे।

# "सिंधु की पुकार: संप्रभुता की वापसी और गौरव की बहाली"

**अर्जुन राम मेघवाल**



मानसून शब्द पूरे भारत में खुशी और गर्व का संचार करता है। यह नवाचार, नवीनीकरण और राष्ट्र के आर्थिक इंजन को तत्काल गति प्रदान करने का प्रतीक है। भारत की भौगोलिक स्थिति, प्रचुर वर्षा के साथ मिलकर, इसकी नदियों को पुनर्जीवित करती है और देशभर में जल संसाधनों का विस्तार करती है। यह प्रगति के मौसम का प्रतीक है और स्वतंत्रता दिवस समारोहों के साथ मिला दिए जाने पर देशभक्ति की एक अनूठी भावना का संचार करता है। लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री के संबोधन ने एक बार फिर आकांक्षी नागरिकों के लिए एक ऐसा खाका पेश किया जो एक विकसित भारत के निर्माण के व्यापक लक्ष्य को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

संसद के इस विशेष मानसून सत्र की शुरुआत में, प्रधानमंत्री ने इसे भारत का गौरवशाली सत्र बताया था। भारतीय सैनिकों का शौर्य, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के कारखानों पर निर्णायक प्रहार और सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) का स्थगन—ये सब भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति के सबूत हैं और राष्ट्रीय मानस पर एक अमिट छाप छोड़ते हैं। फिर भी, सभी मुद्दों पर खुलकर चर्चा के लिए सरकार के राजी होने के बावजूद, विपक्ष ने बाधा डालने का रास्ता चुना और व्यापक जनहित की कीमत पर विचार-विमर्श को राजनीतिक नौटंकी में सीमित कर दिया। देश अरसे से स्वार्थ को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखने की कांग्रेस की पुरानी आदत का बोझ ढोता चला आ रहा है। विभाजन की दुखद विभीषिका से लेकर नेहरूवादी कूटनीति की महंगी पड़ने वाली विफलताओं तक, इतिहास गवाह है कि कैसे इन फैसलों ने भारत की मूल अवधारणा को ही कमजोर कर दिया। सिंधु जल संधि (1960) पर बारीकी से गौर करने पर, जनता और देश के विकास की कीमत पर तुष्टिकरण व अति-उदारता की एक ऐसी कहानी सामने आती है, जिसने राष्ट्रीय विकास की संभावनाओं को निरंतर बाधित किया। यह घोर विडंबनापूर्ण है कि भारत के विकास से जुड़े हितों का त्याग एक ऐसे राजनीतिक आकलन से प्रेरित थे जिसने अपने नागरिकों के कल्याण से ऊपर पाकिस्तान के हितों को तरजीह दी।

मूल रूप से, विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी), सिंधु नदी प्रणाली के जल का आवंटन पाकिस्तान के पक्ष में (80:20) करती है। सिंधु नदी प्रणाली का उद्गम मुख्य रूप से भारत में है। इस संधि के तहत भारत को पश्चिमी में बहने वाली सिंधु, चिनाब और झेलम जैसी महत्वपूर्ण नदियों पर नियंत्रण छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा, जिससे वैसे व्यापक जल संसाधन छिन गए जो पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के विशाल शुष्क एवं सूखाग्रस्त इलाकों का कायाकल्प कर सकते थे। यदि राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती, तो सुव्यवस्थित जल अवसंरचना इस इलाके के संपूर्ण विकास की तस्वीर को बेहतर बना सकती थी।

हालांकि, इस महत्वपूर्ण त्याग से व्यापक कूटनीतिक लाभ मिलने की उम्मीदें भ्रामक साबित हुईं। इस संधि के प्रक्रियात्मक संचालन ने चिंताओं को और बढ़ा दिया। इस संधि पर 19 सितंबर 1960 को हस्ताक्षर किए गए थे। लेकिन इसे दो महीने बाद, नवंबर में, संसद के समक्ष रखा गया और वह भी मात्र दो घंटे की औपचारिक चर्चा के लिए। जैसे ही इस संधि से जुड़े तथ्य सामने आए, इसके विभिन्न पहलुओं की पड़ताल के बाद प्रमुख समाचार पत्रों में छपी प्रतिकूल टिप्पणियां सुर्खियों में छायी रहीं। इतने महत्वपूर्ण समझौते के प्रति संसदीय स्तर पर बरते गए इस जल्दबाजी भरे व्यवहार ने लोकतांत्रिक निगरानी, पारदर्शिता और तत्कालीन नेतृत्व की दुर्भावनापूर्ण मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। इस सीमित संसदीय पड़ताल के बावजूद, सिंधु जल संधि को भारतीय संसद में भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो उस समय एक युवा सांसद थे, ने चेताते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री नेहरू का यह तर्क बुनियादी रूप से त्रुटिपूर्ण है कि पाकिस्तान की अनुचित मांगों के आगे झुकने से मित्रता और सद्भावना स्थापित होगी।

संसद में 30 नवंबर 1960 को हुई बहस से पता चलता है कि सभी दलों ने इस संधि की आलोचना की थी। अधिकांश सदस्यों ने सरकार की आलोचना की थी और उस पर पाकिस्तान के सामने झुकने तथा भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। राजस्थान से कांग्रेस सांसद श्री हरीश चंद्र माथुर, अशोक मेहता, ए.सी. गुहा, कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद केटीके तंगमणि, सरदार इकबाल सिंह, बृजराज सिंह ने इस जल कूटनीति को लेकर स्पष्ट रूप से चिंताएं जाहिर की थी और इसके विफल होने से जुड़े नतीजों के बारे में अंदेशा जताया था। कुल मिलाकर, इस संधि को "एकतरफा, न कि लेन-देन पर आधारित" कहा जा सकता है। इस संदर्भ में, यह विडंबना ही थी कि लोकसभा में अपने उत्तर के दौरान प्रधानमंत्री नेहरू ने माननीय सांसदों की बुद्धिमत्ता पर सवाल उठाए और उन्हें कमतर भी आंका। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि संसदों द्वारा की गई आलोचना तथ्य और निहित विचारों से अनजान रहने पर आधारित है। उन्होंने (नेहरू) आगे कहा, "मुझे इस बात का दुख है कि इतने महत्वपूर्ण मामले को... एक ऐसा मामला जो न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य से भी जुड़ा है... इतने हल्के में और इतनी लापरवाही एवं संकीर्ण सोच के साथ लिया जा रहा है।"

इस संधि ने भारत के हितों को कुंद कर दिया और यह पाकिस्तान के लिए एक निर्णायक उपलब्धि साबित हुआ। अयूब खान ने एक सार्वजनिक प्रसारण में स्वीकार किया था कि इस संधि की वैधता और गुण-दोष पाकिस्तान के विरुद्ध थे, लेकिन इस मामले में नेहरू की कूटनीतिक विफलता ने पाकिस्तान को बढ़त दिला दी। 4 सितंबर 1960 को रावलपिंडी में अपने प्रसारण में, अयूब खान ने कहा था, "अब जो समाधान हमें मिला है, वह आदर्श नहीं है... लेकिन यह सबसे अच्छा समाधान है जो हमें इन परिस्थितियों में मिल सकता था, इनमें से कई बिंदु, चाहे उनके गुण-दोष और वैधता कुछ भी हों, हमारे खिलाफ हैं।" ये खुलासे आज भी राष्ट्रीय हित को गौण रखने के पीछे के मकसद पर सवाल खड़े करते हैं।

जैसा कि निरंजन डी. गुलाटी ने अपनी किताब "इंडस वाटर ट्रीटीः एन एक्सरसाइज इन इंटरनेशनल मीडिएशन" में लिखा है, 28 फरवरी 1961 को खुद प्रधानमंत्री नेहरू ने इस निराशा को स्वीकार करते हुए कहा थाः "मुझे उम्मीद थी कि यह समझौता अन्य समस्याओं के समाधान का रास्ता खोलेगा, लेकिन हम वहीं खड़े हैं जहां पहले थे।" इस संधि के बाद के घटनाक्रम में आया तीखा अंतर इस समझौते की असमानता को और भी गहराई से रेखांकित करता है। नेहरू की ढिलाई और राष्ट्रीय हित को दरकिनार करने की प्रवृत्ति समय के साथ भारी पड़ती गई। फरवरी 1962 में, 'वाशिंगटन पोस्ट' को दिए एक साक्षात्कार में, प्रधानमंत्री नेहरू ने सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर को "आगे की दिशा में एक बड़ा कदम और वास्तव में यह समझौता (कश्मीर के) क्षेत्रीय मुद्दों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण..." बताया।

स्पष्ट चेतावनियों के बावजूद, शांति और अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति की चाहत में कांग्रेस नेतृत्व ने भारत की दीर्घकालिक जल सुरक्षा एवं समृद्धि के बजाय कूटनीतिक सुविधावाद को चुना। तुष्टिकरण की यह नीति कई मोर्चों पर राष्ट्रीय प्रगति के लिए हानिकारक साबित हुई। इस संधि से अपेक्षित मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक लाभ कभी भी साकार नहीं हुए। इसके उलट, यह युद्धों और निरंतर सीमा-पार तनावों के रूप में दुर्भाग्य लेकर आई। जल-बंटवारे की इस सख्त व्यवस्था ने सूखे से लड़ने, सिंचाई व्यवस्था का विस्तार करने और संवेदनशील इलाकों में कृषि को मजबूत करने हेतु अपने प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने की भारत की क्षमता को सीमित कर दिया। सत्ता-लोलुप शासकों ने आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के प्रति कोई जिम्मेदारी महसूस नहीं की, जिससे भारत कमजोर हो गया। वास्तव में, यह संधि भारत के लिए जल कूटनीति की विफलता और पाकिस्तान के लिए एक राजनीतिक विजय थी।

अब, मोदी सरकार इस ऐतिहासिक भूल को सुधारने की दिशा में एक और निर्णायक एवं साहसिक कदम उठा रही है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने संप्रभु अधिकारों का प्रयोग करते हुए, सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को तब तक के लिए स्थगित कर दिया है जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अंतिम रूप से सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना छोड़ नहीं देता। प्रधानमंत्री मोदी जी का स्पष्ट आह्वान राष्ट्रीय हितों को कमजोर करने वालों के लिए एक कड़ी चेतावनी हैः "आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते; पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते।" यह कदम पिछली नीतियों से अलग हटकर एक साहसिक और ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है। यह केवल एक कूटनीतिक पुनर्संतुलन भर नहीं है, बल्कि अपने संसाधनों और किसानों के हितों एवं संबंधित हितधारकों की आजीविका के अवसरों की रक्षा करने के भारत के संप्रभु अधिकार का एक दृढ़ रणनीतिक दावा है - जो पाकिस्तान की ओर से आने वाले लगातार सीमा पार खतरों के सामने "राष्ट्र प्रथम" के सिद्धांत को सर्वोपरि रखता है। सिंधु जल संधि का स्थगन कूटनीति से कहीं आगे जाता है—यह विकासशील भारत@2047 के लक्ष्य को साकार करने के भारत के संकल्प को दर्शाता है। अपने जल संसाधनों पर नियंत्रण फिर से हासिल करके, भारत जलवायु के अनुकूल बुनियादी ढांचे का निर्माण कर सकता है, सिंचाई व्यवस्था को मजबूत कर सकता है और औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकता है—जोकि एक विकसित राष्ट्र बनने की कुंजी है। यह निर्णय पुराने समझौतों द्वारा थोपी गई सहमतियों का अंत करता है और जल संप्रभुता को प्रगति की बुनियाद के रूप में स्थापित करता है। यह एक ऐसा साहसिक कदम है, जो आत्मनिर्भरता, स्थिरता और समावेशी विकास के मिशन के साथ गहराई से जुड़ा है।

## सू-दोकू-147

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के

सू-दोकू क्र.146 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |

## याददाश्त बढ़ाने में मदद कर सकती हैं जड़ी-बूटियां

याददाश्त को बढ़ाने के लिए कई उपाय मौजूद हैं, लेकिन प्राकृतिक उपाय सबसे सुरक्षित और असरदार होते हैं। कुछ जड़ी-बूटियां विशेष रूप से याददाश्त को मजबूत करने में मदद कर सकती हैं। इन जड़ी-बूटियों में गोटू कोला, लेमन बाम, जिनसेंग, गिंको बिलोबा और अश्वगंधा शामिल हैं। ये सभी जड़ी-बूटियां न केवल याददाश्त को बढ़ाने में मदद करती हैं, बल्कि मानसिक सेहत को भी सुधारती हैं। आइए इनके फायदे जानते हैं। गोटू कोला एक ऐसी जड़ी-बूटी है, जो दिमाग के कामकाज को सुधारने में मदद कर सकती है। यह जड़ी-बूटी विशेष तत्वों से भरपूर होती है, जो दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक तत्वों से लड़ती है। इसके अलावा यह खून के प्रवाह को बेहतर बनाकर दिमाग तक ऑक्सीजन पहुंचाती है, जिससे याददाश्त बढ़ती है। गोटू कोला का सेवन करने से मानसिक थकान भी दूर होती है.

## अनमोल सिनेमा पर पहली बार देखिए 'द भूतनी' और 'औरों में कहाँ दम था'

अनमोल सिनेमा इस शनिवार, 23 अगस्त को दर्शकों के लिए लेकर आ रहा है प्रीमियर्स का डबल ब्लास्ट जहाँ मिलेगा ड्रामा, डर और हँसी से भरपूर मनोरंजन। हेडलाइन में है 'द भूतनी'- एक हॉरर-कॉमेडी, जो आपको डराएगी भी और हँसाएगी भी। शाम 7:30 बजे प्रसारित होने वाली इस फिल्म में संजय दत्त, मौनी रॉय, सनी सिंह और पलक तिवारी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म में है जबरदस्त धमाल, रोंगटे खड़े करने वाले रोमांच और ज़ोरदार मज़ा, यानि हॉरर और ह्यूमर का परफेक्ट कॉम्बो। लेकिन यही नहीं, दोपहर 1:30 बजे दर्शक देख पाएँगे संजीदा ड्रामा 'औरों में कहाँ दम था'। अजय देवगन और तब्बू की दमदार जोड़ी के साथ जिमी शेरगिल इस फिल्म को बनाते हैं इमोशनल रोलरकोस्टर। दो दशकों की यह कहानी बड़ी खूबसूरती से दिखाती है कि समय, किस्मत और पुराने फैसले किस तरह ज़िंदगियों को बदल देते हैं। दिल को छू लेने वाले गानों और शानदार अदाकारी के साथ यह फिल्म दर्शकों को गहराई तक छूने का वादा करती है। और फिर जैसे ही शाम ढलेगी, माहौल बदलेगा 'द भूतनी' के प्रीमियर के साथ। कहानी है दिल्ली के सेंट विन्सेंट्स कॉलेज की, जहाँ हर वेलेंटाइन्स डे पर एक पुराना भूत और श्रापित पेड़ मचाते हैं कहर। यहाँ एक टूटे दिल वाले छात्र शांतनु (सनी सिंह) गलती से जगा देता है मोहब्बत (मौनी रॉय) को, एक रहस्यमयी आत्मा जिसकी प्यास है प्यार और जिसका जुनून है जानलेवा। जैसे-जैसे पूरे कॉलेज कैंपस में लोगों में वहम और भूत-प्रेत का डर बढ़ने लगता है, एंट्री होती है बाबा (संजय दत्त) की, जो अपने अनोखी शक्तियों वाले टूलकिट और रहस्यमयी अतीत के साथ आते हैं। मोहब्बत की ताकत बढ़ रही है और होलिका दहन की रात करीब है- एक ऐसी रात जब वह आत्माओं पर हमेशा के लिए कब्ज़ा कर सकती है। अब शांतनु को पता लगाना है कि वह वास्तव में चाहती क्या है। लेकिन असली ट्विस्ट? शायद बाबा ही वैसे नहीं जैसे नज़र आते हैं।




संजय दत्त ने कहा, "द भूतनी का सफर सच में बेहद मज़ेदार और अनोखा रहा है, जो सही मायने में लीक से हटकर फिल्म है। बदकिस्मती से, रिलीज़ के दौरान इस फिल्म को सिनेमाघरों में पर्याप्त स्क्रीन नहीं मिल पाई और यह हमारी उम्मीद से कम समय तक चली। कभी-कभी कुछ फिल्में शोर-शराबे में पीछे रह जाती हैं। लेकिन, यह फिल्म हमने बड़े प्यार और सच्ची लगन से बनाई है। हमें इसकी कहानी और उसके पीछे के जज्बातों पर पूरा भरोसा था। मुझे पूरी उम्मीद है कि यह फ़िल्म दर्शकों के दिलों को छू लेगी।"

## एक नजर

### 166 महतारी सदन की मिली स्वीकृति 25 सौ वर्गफुट में बनेगा महतारी सदन

**कांकेर 23 अगस्त।** प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयास से 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, इसके लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। ततपश्चात महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है।

### दुगेली मड़कापारा में हुआ सुपोषण चौपाल

**दंतेवाड़ा, 23 अगस्त ।** विगत दिवस दंतेवाड़ा विकासखंड के ग्राम दुगेली मड़कापारा में रजत महोत्सव के अवसर पर सुपोषण चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिला का गोद भराई, किशोरी बालिकाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा,मासिक धर्म में स्वच्छता, खानपान, गुड टच, बैड टच, ,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच, वार्ड पंच, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, किशोरी बालिकाओं, एवं हितग्राही उपस्थित हुए।31 अगस्त 2025 तक जिला स्तर, ब्लॉक स्तर, सेक्टर स्तर पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में 21 अगस्त 2025 को कार्ययोजना के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्रों में टॉय मेकिंग कार्यक्रम किया गया है। जो जिले के 1055 आंगनबाड़ी केन्द्रों में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी के हितग्राही, बच्चे, गर्भवती, शिशुवती, किशोरी बालिकाओं ने भाग लेकर माटी कला के माध्यम से बच्चों के लिए खिलौने बनाये गए। इसके अलावा इस अवसर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत शाला त्यागी बच्चों को स्कूल में भर्ती करने, महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का उचित उपयोग करने, नोनी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, बाल विवाह, भ्रूण हत्या, सायबर फ्रॉड के संबंध में जानकारी दी गई। इसके अलावा जिला प्रशासन संचालित सुपोषण योजना से संबंधित गर्म भोजन, अण्डा, के संबंध में जानकारी दी गई।

### खेल दिवस के अवसर पर प्रदान की जाएगी राशि

**दंतेवाड़ा, 23 अगस्त ।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में खेलों के सुदृढ वातावरण निर्मित करने खिलाड़ियों के राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी हेतु वित्तीय सहायता, उच्च गुणवत्ता युक्त खेल उपकरण की सुविधा, पदक विजेता खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदाय करने के उद्देश्य से खेल नीति का निर्माण किया गया है। कुणाल दुदावत, के निर्देशनुसार खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 5000, 4000 एवं 3000 रुपये राष्ट्रीय स्तर पर 10,000, 8000, एवं 6000, रुपये इसी प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 20,000, 15000, एवं 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र जिला प्रशासन द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया जावेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खेल अधिकारी श्री जयंत नाहटा, इस संबंध में बताया कि खिलाड़ियों को यह सम्मान हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में मनाये जाने वाले समारोह 29 अगस्त खेल दिवस के दिन प्रातः 11. बजे एजुकेशन सिटी जावंगा के सभागार (ऑडिटोरियम) में माननीय अतिथियों के द्वारा प्रदान किया जावेगा।जिले के ऐसे खिलाड़ी जो किसी भी पंजीकृत एवं अपंजीकृत खेल संघ के माध्यम से पदक प्राप्त करते है वे खिलाड़ी इस प्रोत्साहन योजना के पात्र होंगे, स्कूल शिक्षा विभाग (एसजीएफआई) एवं अन्य स्कूलों (शासकीय, अशासकीय) के खिलाड़ी एवं ऐसे खिलाड़ी जिनको किसी सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों से आर्थिक सहायता प्राप्त होगी, वह खिलाड़ी इस योजना के पात्र नही होगें।

### शारदीय नवरात्र के विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए डेंटर जारी किया गया

**दंतेवाड़ा, 23 अगस्त ।** कार्यालय टेम्पल एस्टेट से प्राप्त जानकारी अनुसार मां दंतेश्वरी मंदिर दंतेवाड़ा में शारदीय नवरात्र पर्व वर्ष 2025 का आयोजन दिनांक 22 सितम्बर 2025 से 01 अक्टूबर 2025 तक किया जाना है। जिसमें आवश्यक व्यवस्था के तहत निविदा आमंत्रित है। टेंट-पंडाल, लाइट डेकोरेशन एवं साउंड सिस्टम व्यवस्था, राइस ब्रान तेल, सी.सी.टी.व्ही. कैमरा फिटिंग कार्य, फ्लेक्स प्रिंटिंग कार्य, शुद्ध चांदी का सिक्का निर्माण कार्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम जगराता के संबंध में निविदा आमंत्रित किए गए है। उपरोक्त कार्यों के लिए निर्धारित प्रारूप में निविदा पत्र निर्धारित शर्तों के तहत कार्यालय टेम्पल एस्टेट दंतेवाड़ा से दिनांक 02 सितम्बर 2025 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त किया जा सकता है।

### बाजारों में बिकने पहुंचे मिट्टी के बैल और कुंडी बुची

# पारंपरिक तरीके से मनाया गया पोरा पर्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 23 अगस्त ।** दक्षिण बस्तर के ग्रामीण अंचलों में पोला पर्व जिसे स्थानीय बोली में पोरा कहा जाता है पारंपरिक तरीके से मनाया गया। पोला पर्व पर भगवान शिवजी के नंदी बैल की पूजा का विधान है। इस दिन कुम्हारों द्वारा मिट्टी के निर्मित बैला की पूजा की जाती है जो शिवजी के नंदी बैल के रूप में होता है।

छत्तीसगढ़ का यह महत्वपूर्ण त्यौहार है जो भाद्रपक्ष की अमावस्या को मनाया जाता है। हरेली आमूस पर्व के एक माह के बाद पोरा मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि आज के दिन फसल गर्भधारण करते हैं और धान की बालियों में दुध स्थापित होता है इसलिए आज के दिन किसानों का खेत जाना वर्जित होता है। पोरा पर्व के दिन किसान अपने बैलों को नहलाकर सुंदर ढंग से सजा संवारकर उनकी पूजा करते हैं। पूर्व काल में इस दिन बैलों की दौड़ भी आयोजित किए जाने की परंपरा थी। इस पर्व में नंदी अर्थात बैल की पूजा का विशेष महत्व है शनिवार को पोरा पर्व के दिन जिला मुख्यालय में मिट्टी के आकर्षक नांदिया बैला, कुंडी-बुची समेत तरह तरह के खिलौने बेचने आए विक्रेताओं से बच्चों ने अपने लिए नांदिया बैल खदीदा। कुम्हारों द्वारा हर गली मोहल्ले में घुमघुमकर पोरा व जांता की बिक्री की गई। बच्चे मिटटी से बने बैल जिसमें चक्के लगे होते हैं रस्सी से बांधकर खींचते हैं और लड़कियां पोरा जाता खेलती हैं। पोला पर्व के दिन अंचल में घर घर में ढेढरी, खुरमी, गुलगुला बड़ा भजिया बनाया जाता है। पोला की रात गांव की गुडी में बैगाओं द्वारा पूरा करने की परंपरा है। जिस प्रकार पुत्री के गर्भवती होने पर सठौरी खिलाई जाती है उसी प्रकार फसल माता के गर्भ परिपूर्ण होने पर उसे विशेष व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। आज से कुछ दशक पूर्व इस त्यौहार को जिस उमंग व उत्साह के साथ मनाया जाता है वो अब देखने को नहीं मिलता। आधुनिकात के इस दौर में गुजरते समय के साथ लोग अपने संस्कृति व धर्म से जुड़े पारंपरिक त्यौहार को भी भुलते जा रहे हैं।

#### दंतेश्वरी माई को नए अनाज का लगाया भोग, मिट्टी के बैलों की हुई पूजा

पोरा पर्व से एक दिन पूर्व माई दंतेश्वरी मंदिर में परंपरानुसार देवी मां को नई फसल के अनाज से बने खीर प्रसाद का भोग लगाया गया। कुम्हारों द्वारा खास तौर पर लाए गए मिट्टी के छोटे छोटे पात्र में नए अनाज से भोग प्रसाद पकाया गया। पूजन उपरांत माई दंतेश्वरी, भुवनेश्वरी देवी समेत सभी देवी देवताओं को गुड चावल से निर्मित मीठा चीला एवं नए अनाज से मिश्रित खीर का भोग लगाया गया। इस मौके पर कुम्हाररास से कुम्हारों द्वारा लाए गए मिटटी से सुसज्जित बैलों और मिटटी से ही तैयार अन्य खिलौनों व कलशों की पूजा अर्चना पुजारी द्वारा की गई। तदोपरांत सेवादारों व मंदिर समिति के सदस्यों को मिटटी से तैयार कलश बांटे गए। पोरा पर्व पर मांईजी को नए अनाज का भोग लगाने के बाद अब क्षेत्र में नवाखानी पर्व मनाने का सिलसिला भी शुरू हो जाएगा। अलग अलग गांवों में अपने हिसाब से दिन तय करके यह पर्व मनाया जाता है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने सरपंच संघ के साथ की बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,23 अगस्त।** विधानसभा क्षेत्र के आड़ावाल के सामुदायिक भवन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने नवनियुक्त संरपंच संघ के पदाधिकारियों से भेंट व मुलाकात कर संघ के पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा कर उनकी समस्या सुनकर उसका समाधान करने का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने आश्वासित किया। आड़ावाल के सामुदायिक भवन में आयोजित बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने सभी नव नियुक्त संरपंच संघ के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित कर सभी जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के संरपंच को अपने अपने पंचायत क्षेत्रों में जनता के मांग के अनुरूप क्षेत्र का विकास करना हमारा दायित्व है। सभी के सहयोग से हम अपने क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने का कार्य करना है। श्री किरण देव ने कहा सशक्त पंचायत बनाने में संरपंच की अहम भूमिका होती है। अपने अपने पंचायत की जनता के मांग के अनुरूप मूलभूत सुविधाओं के लिए राशि की कमी नहीं होगी। जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य लगातार हो रहे हैं। विकास अनवरत जारी रहेगा। संरपंच संघ की समस्या होगी उस समस्याओं को शासन से अवगत कराकर उनको समाधान करने का प्रयास किया जायेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा बिना भेदभाव के सभी पंचायतों में विकास कार्य किया जायेगा। आप अपने अपने क्षेत्रों के जनता के मांग के अनुरूप प्रस्ताव दे उस प्रस्ताव के अनुरूप कार्य किया जायेगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, हरिराम मंडावी,संरपंच संघ के अध्यक्ष रैदू नाग , सचिव मानसाय, सुब्रतों विश्वास, राजेश शर्मा, सीमांचल दास, गणेश नागवंशी, हेमंत पोयाम,जंयती कश्यप, जितेन्द्र बाकड़ा, महादेव बाकड़े, महेन्द्र नाग, एवं संरपंच गण उपस्थित थे।

## तीज का बाजार सजा बाजारों में छाई रौनक

**दंतेवाड़ा 23 अगस्त।** पोला पर्व के दो दिनों बाद 26 अगस्त मंगलवार को महिलाओं का प्रमुख पर्व हरितालिका तीज मनाया जाएगा। जिसके मददेनजर बाजारों में चहल पहल काफी बढ़ गई है। त्यौहार के पूर्व बाजारों में श्रृंगार की सामग्री खरीदने महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ जूट रही है। श्रृंगार वस्तुओं के साथ ही साड़ियों व ज्वेलरी समेत पारंपरिक वस्तुओं की खरीददारी में सुहागिनें व्यस्त हैं। तीज पर्व पर श्रृंगार सामग्री का खास महत्व है। इस खास पर्व की तैयारी के लिए कई दिनों पूर्व से ही महिलाएं खरीदारी में जूट जाती हैं। इस दिन महिलाएं 16 श्रृंगार कर खूब सजती संवरती हैं। नगर के



अधिकांश फैंसी स्टोर्स में श्रृंगार सामग्रियों की अच्छी खासी बिक्री हो रही है। पर्व के तीन दिन पूर्व से ही बाजारों में रौनक काफी बढ़ चुकी थी। चुड़ी, कंगन, सिंदूर, मेहंदी, नेलपालिश, की बिक्री के साथ ही साडियों व ज्वेलरी दुकानों में भी अच्छी खासी भीड़ देखी गई। त्यौहारी सीजन होने के चलते फल मार्केट में भी तेजी देखी जा रही है। फल फ्रूट के दामों में भी खासा इजाफा देखा गया है।

## शिक्षक एलबी की वरिष्ठता सूची में गड़बड़ी, संघ ने संयुक्त संचालक बस्तर के नाम डीईओ को सौंपा ज्ञापन

**बीजापुर,23 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ जिला बीजापुर ने शिक्षक एल.बी., ई एवं टी संवर्ग और प्रधान पाठक (प्रा. शाला) की वरिष्ठता सूची में गंभीर त्रुटियों पर आपत्ति जताते हुए सुधार की मांग की है। इसी संबंध में संघ के प्रतिनिधि मंडल ने 22 अगस्त को जिला शिक्षा अधिकारी एल.एल. धनेलिया को संभागीय संयुक्त संचालक बस्तर संभाग शिक्षा के नाम ज्ञापन सौंपा।

संघ ने बताया कि 13 अगस्त 2025 को जारी वरिष्ठता सूची में कई गंभीर खामियां हैं। नियुक्ति तिथि और पदोन्नति तिथि एक जैसी दर्शाई गई है, जन्मतिथि सीरियल के अनुसार नहीं है, कहीं आदेश



जारी होने की तारीख को ही नियुक्ति तिथि मान लिया गया है। साथ ही कुछ स्थानों पर मृत एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के नाम भी सूची में शामिल कर दिए गए हैं।संघ पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वर्ष 1998 में नियुक्त शिक्षा कर्मियों की पदोन्नति 2006 से प्रारंभ हुई थी, लेकिन सूची में 1998 दर्शाया गया है। वहीं 30 अप्रैल 2005 को कई जिला पंचायतों से आदेश जारी किए गए थे, जिन्हें बाद में राज्य शासन द्वारा 1 मई 2005 से प्रथम नियुक्ति तिथि घोषित किया गया, जबकि सूची में इसका भी सही परिलक्षित नहीं किया गया है।ज्ञापन जिला सचिव कैलाश रामटेके, महामंत्री वसीम खान, ब्लॉक अध्यक्ष विजय चापड़ी एवं अरुण सिंह के संयुक्त हस्ताक्षर से सौंपा गया।संघ ने मांग की है कि सभी त्रुटियों को शीघ्र सुधारते हुए नई वरिष्ठता सूची जारी की जाए।

## गणेश की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जूटे मूर्तिकार

### 27 सितंबर को शुभ मुहूर्त में जगह-जगह विराजेंगे गणपति



**दंतेवाड़ा 23 सितंबर।** गणेश चतुर्थी आने में मात्र तीन दिन शेष रह गए हैं। नगर में कई जगहों पर भगवान गणेश की प्रतिमा बनाने का कार्य चल रहा है। बड़े प्रतिमा को फाइनल टच दिया जा रहा है। वहीं छोटे गणेश की प्रतिमा तो बाजार में बिकने के लिये पहुंच चुकी है।

प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी बाहर प्रदेशों से दर्जन भर मूर्तिकार दंतेवाड़ा जिले में मूर्ति बनाने आए हुए हैं। आंवराभाटा, कुम्हाररास, पातररास, गीदम के हारम चौक समेत कई जगहों में गणेश की प्रतिमा बनाने का काम जारी है। 27 सितंबर दिन बुधवार से गणेश चतुर्थी प्रारंभ हो रहा है। केवल तीन दिन शेष बचे हैं गणेश की प्रतिमा स्थापित करने में। मूर्तिकार प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। बप्पा की सजावट व श्रृंगार का काम अंतिम दौर में है। जगह जगह गणेशोत्सव समिति द्वारा पंडाल व स्टेज भी तैयार किए जा रहे हैं जहां गणेश चतुर्थी के दिन धुमधाम के साथ बप्पा को विराजा जाएगा। गणेशोत्सव समिति के लोग भी घर घर जाकर सहयोग राशि एकत्र कर रहे हैं ताकि वे धुमधाम के साथ अपने बप्पा को अपने मोहल्लों में विराज सकें। आंवराभाटा में दर्जन भर छोटी बड़ी गणेश की मूर्ति को मूर्त रूप देने में लगे उड़ीसा मलकानगिरी से आए मूर्तिकार जयंत ने बताया कि वे पिछले 8 वर्षो से इस क्षेत्र में आकर मॉ, दुर्गा, मॉ काली व गणेश भगवान की मूर्तियां बनाने का काम कर रहे हैं। उन्हें इस वर्ष भी गणेशोत्सव समितियों की ओर से मूर्ति बनाने का आर्डर मिला है। कारीगर जयंत ने बताया कि एक मूर्ति बनाने में तकरीबन 10 से 15 दिन का समय लगता है। मूर्ति बनाने के लिए पैरा के अलावा बरून व चिकना मिट्टी का उपयोग किया जाता है। यह मिट्टी रायपुर से लेकर हम आते हैं। मूर्ति को फिनिसिंग देने के लिए गंगा मिट्टी का उपयोग किया जाता है इससे मूर्ति चिकनी व चमकदार दिखती है।

## बैलाडीला लौह अयस्क खान ने लगाए दस हजार पौधे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बैलाडीला, 23 अगस्त।** बैलाडीला लौह अयस्क खान, बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ राज्य वन विभाग के सहयोग से सम्पन्न हुआ। एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अन्तर्गत बैलाडीला लौह अयस्क खान, बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा 10000 पौधों का रोपण वन विभाग के सहयोग से किया जायेगा। बैलाडीला लौह अयस्क खान, बचेली कॉम्प्लेक्स ने वृक्षारोपण स्थल का नाम मातृ वन रखा हैं। एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अन्तर्गत वृक्षारोपण करने हेतु सर्वप्रथम श्री टी.शिवा कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), द्वारा नारियल का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदप्श्चात श्री पी. रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (कार्य) ने भी नारियल का पौधा लगाया तदोपरांत कार्यक्रम में उपस्थित सभी विभागो के विभागाध्यक्ष जैसे श्री जी. घोराई, महाप्रबंधक (यांत्रिकी), एच.के. गुनाबट, महाप्रबंधक (विद्युत), एस.एम.जगदीश्वर, उप महाप्रबंधक (खनन), के.पी.बन्सोड़, उप महाप्रबंधक (नागरिक), सी.एस.रेड्डी, उप महाप्रबंधक (सामाग्री), बी.वी. सत्यानारायणा, उप महाप्रबंधक (अनुबंध), अनिरूद्ध कुमार, विभागाध्यक्ष (प्र.सु.एवं.पर्या.), मनोज कुमार सेठठी, उप महाप्रबंधक (सी एण्ड आईटी), संजय सरकार, उप महाप्रबंधक (यांत्रिकी), श्री अरविंद कुमार कुरील, उप महार्प्रबंधक (खनन), श्री एम.मलीक कुरैशी, सहायक महाप्रबंधक (खनन), अमीश चन्नावर, सहायक महाप्रबंधक (खनन), विभिन्न युनियन के पदाधिकारीगण श्री जागेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष (एसकेएमएस), चन्द्र कुमार मण्डावी, अध्यक्ष (एमएमडब्ल्यू) एवं आशीष यादव, सचिव (एमएमडब्ल्यू), वन विभाग से श्री आशुतोष मण्डावा, वन परिक्षेत्र अधिकारी, बचेली, भानु शंकर, उप वन परिक्षेत्र अधिकारी, श्री राजेश कर्मा, बीट अधिकारी एवं सरपंच पटेल पारा ने वृक्ष रोपित है।

## अब विकास की नई उड़ान भरेगा नारायणपुर : इंद्र प्रसाद बघेल

**नारायणपुर,23 अगस्त।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल ने नगर के भविष्य को लेकर एक अहम बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि नारायणपुर अब विकास की एक नई उड़ान भरने को तैयार है। नगर की छवि बदलने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम शुरू हो चुका है, जिससे आम नागरिकों को न सिर्फ बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि नगर का स्वरूप भी आधुनिक और आकर्षक बन जाएगा।नगर पालिका अध्यक्ष ने जानकारी दी कि नगर में चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण की योजना को प्राथमिकता दी गई है। इसके अंतर्गत प्रमुख स्थलों को सजाया जाएगा, जिससे नगर की पहली छवि ही साफ-सुथरी और प्रभावशाली दिखाई दे। वहीं नगर के बीच स्थित ऐतिहासिक बंधुआ तालाब का जीर्णोद्धार कर उसे एक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए आकर्षक लाइटिंग, फव्वारे, बैठने की व्यवस्था और हरित क्षेत्र तैयार किए जाएंगे।इसके साथ ही, नगर के युवाओं और विद्यार्थियों के लिए एक वृहद और अत्याधुनिक पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। यह लाइब्रेरी आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी, जहां पढ़ाई के लिए शांत वातावरण के साथ-साथ डिजिटल संसाधन भी उपलब्ध रहेंगे। यह प्रयास ज्ञानवर्धन के साथ-साथ नगर को शैक्षणिक दृष्टि से भी सशक्त बनाएगा।इंद्र प्रसाद बघेल ने कहा कि इन सभी कार्यों को मूर्त रूप देने में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और क्षेत्रीय विधायक एवं केबिनेट मंत्री केदार कश्यप की सक्रिय भूमिका है। उनके मार्गदर्शन में नगर को एक नई दिशा और पहचान देने की दिशा में तेज़ी से कार्य हो रहा है। श्री बघेल ने कहा कि सुशासन और जवाबदेही की भावना से इन योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है, जिससे जन-अपेक्षाओं की पूर्ति हो सके।नगर पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की कि वे भी नगर के विकास में सहयोग करें। उन्होंने कहा, यह नगर हम सबका है। यदि हम मिलकर प्रयास करें।

## एनएमडीसी कर्मचारियों की लंबित वेज रिवीजन शीघ्र लागू करने बस्तर सांसद ने की पहल

**नई दिल्ली।** एनएमडीसी लिमिटेड के कर्मचारियों का 3 वर्ष 7 माह से लंबित वेतन पुनरीक्षण अब जल्द लागू होने की उम्मीद जगी है।

बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कर्मचारियों की इस महत्वपूर्ण मांग को लेकर केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी से नई दिल्ली में विशेष बैठक की। बैठक में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ (किरंदुल एवं बचेली शाखा) का प्रतिनिधिमंडल भी उपस्थित रहा। वेतन पुनरीक्षण (जनवरी 2022 से लंबित) लागू कराने पर गहन चर्चा। औद्योगिक अधिनियम 1947 की धारा 2(आरए), कॉलम-2(बी), 5वीं अनुसूची के पालन की मांग। मार्च 2025 में



अन्य श्रम संघों के बेमियादी आंदोलन से परियोजना एवं राष्ट्र को हुई आर्थिक क्षति के कारण प्रक्रिया बाधित होने की जानकारी। खदान मजदूर संघ ने स्पष्ट किया कि वह सदैव राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए उद्योग एवं श्रमिक हित में कार्यरत रहा है।सांसद की सक्रिय भूमिका सांसद महेश कश्यप ने कर्मचारियों की बहुप्रतीक्षित मांग को गंभीरता से उठाते हुए इस्पात मंत्री से आग्रह किया कि वेतन पुनरीक्षण में और विलंब न हो।

इस्पात मंत्री कुमारस्वामी ने सांसद कश्यप एवं खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि एनएमडीसी के उच्च प्रबंधन से शीघ्र बैठक कराई जाएगी। लंबित वेतनमान लागू करने हेतु आवश्यक कार्रवाई अतिशीघ्र की जाएगी।खदान मजदूर संघ किरंदुल शाखा- अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार, राजेंद्र यादव, उपेंद्रनाथ त्रिपाठी यह पहल एनएमडीसी कर्मचारियों के लिए एक बड़ी राहत साबित हो सकती है, जिससे लंबे समय से टलता आ रहा वेतन पुनरीक्षण लागू होने की उम्मीद और मजबूत हो गई है।

## कश्यप ने पौधा रोपित कर किया 'वूमन फॉर ट्री' अभियान का शुभारंभ

**नाराणपुर, 23 अगस्त।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने आज जगदलपुर शहर के लोकमान्य तिलक वार्ड में पौधरोपित कर अमृत योजना के तहत 'वूमन फॉर ट्री' अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर विधायक जगदलपुर श्री किरण देव, महापौर श्री संजय पाण्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी पौधरोपण किया।उल्लेखनीय है कि यह अभियान जगदलपुर शहर के तीन अलग-अलग वार्डों में चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत लोकमान्य तिलक वार्ड में मंत्री श्री केदार कश्यप ने एक पौधरोपित कर अभियान का शुभारंभ किया। प्रवीर वार्ड में इंद्रावती नदी पर बने पुराने पुल के पास और महाराणा प्रताप वार्ड में पुराने डंपिंग साइट पर



300-300 पौधे लगाए जाएंगे, जिससे कुल 900 नए पौधे रोपित होंगे। इस पहल का एक विशेष पहलू यह है कि इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी तीन महिला स्व-सहायता समूहों को दी गई है। यह कदम महिलाओं को सशक्त बनाने और पर्यावरण संरक्षण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। मंत्री श्री कश्यप ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उन्हें रोपित कर देखरेख करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान से न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी और यह जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में भी सहायक होगा।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण करने खेतों में पहुंची कलेक्टर प्रजापति

**मोहला 23 अगस्त ।** कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण करने विकासखंड मोहला के रानाटोला एवं घावड़ेटोला पहुंची। इस दौरान एसडीएम श्री हेमेंद्र भूआर्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने खेतों पहुंच कर सर्वेयर द्वारा किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे और एप में ऑनलाइन अपडेट किए जा रहे डाटा की जानकारी ली। उन्होंने सर्वेयर्स से कहा कि त्रुटिरहित तरीके से सर्वे का पूरा कार्य करें।उल्लेखनीय है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे फिल्ड स्तर पर सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है। जिसमें सर्वेयर को स्वयं खेत में जाकर वहां की स्थिति और फसल का विवरण एग्रीटेक एप में दर्ज करना होता है। साथ में फोटो अपलोड करना होता है जिसका सत्यापन बाद में पटवारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा, इससे फसल का वास्तविक मूल्यांकन किया जा सकेगा और जमीन की जो परिसम्मति है उनके संबंध में सही जानकारी प्राप्त होगी। डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को कई प्रकार के लाभ प्राप्त होंगे। फसल बीमा योजना एवं क्षति आकलन पारदर्शी और वैज्ञानिक तरीके से किया जा सकेगा। पात्र किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ शीघ्रता से मिल सकेगा।

# उज्बेकिस्तान के वैज्ञानिकों ने कृषि मंत्री रामविचार नेताम से की मुलाकात



**रायपुर, 23 अगस्त ।** हिन्दुस्तान और ताशकंद का संबंध तीन हजार वर्ष पुराना÷ प्रो. ओयबेक रोज़िवउज्बेकिस्तान के डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी के रेक्टर प्रो. ओयबेक आब्दीमुमीनोविच रोज़िव सहित अध्ययन दल के प्रतिनिधि मंडल ने आज कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रामविचार नेताम से अटल नगर, नवा रायपुर स्थित उनके शासकीय निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मंत्री श्री नेताम ने उज्बेकिस्तान के कृषि वैज्ञानिकों का छत्तीसगढ़ के पावन धरती में आने पर आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर प्रो. ओयबेक रोज़िव ने बताया कि हिन्दुस्तान और ताशकंद का तीन हजार वर्ष पुराना संबंध है। उन्होंने बताया कि ताशकंद उज्बेकिस्तान की राजधानी और सबसे बड़ा शहर है। यह मध्य एशिया में स्थित है और अपनी आधुनिक वास्तुकला, चौड़ी सड़कों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा बेहतर जैव प्रौद्योगिकी के लिए जाना जाता है।

प्रो. रोजिव ने मंत्री श्री नेताम को बताया कि वे अध्ययन भ्रमण में छत्तीसगढ़ आए हैं। उन्हें यहां धान की विलक्षण जैव विविधता एवं उत्पादन तकनीक ने गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि उनके संस्थान ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के साथ कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान सहयोग हेतु समझौता किया है। प्रो. रोज़िव ने बताया कि उज्बेकिस्तान में भी मछली पालन एवं पशुपालन के क्षेत्र में काफी अच्छे काम हुए है। वह भी अवलोकन योग्य है। उन्होंने बताया कि उनके संस्थान में 4 संकाय, 14 विभाग एवं 34 पाठ्यक्रम संचालित होते हैं जिनमें लगभग 8 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं तथा 7 देशों के साथ अनुसंधान सहयोग किया जा रहा है। उन्होंने कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम को उज्बेकिस्तान आने आमंत्रित किया। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि निश्चित ही कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए हुए समझौते से छत्तीसगढ़ और उज्बेकिस्तान के विद्यार्थीयों को उच्च शिक्षा में काफी मदद मिलेगी। साथ ही किसानों को भी नई तकनीकों एवं शोध से काफी फायदा होगा। मंत्री श्री नेताम ने प्रो. रोजिव के निमंत्रण पर जल्द ही उज्बेकिस्तान आने की बात कही।

गौरतलब है कि प्रो. रोज़िव गुरूवार को रायपुर में आयोजित ÷कृषि में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा एवं अनुसंधान सहयोग÷ विषयक संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर एवं डेनाऊ इंस्टीट्यूट ऑफ इंटरप्रेन्योरशिप एंड पेडागॉजी उज्बेकिस्तान के मध्य दोनों शिक्षा एवं अनुसंधान में सहयोग हेतु एमओयू पत्रों का आदान-प्रदान हुआ। समझौते के तहत कृषि, पर्यावरण, जल संरक्षण, सुगंध एवं औषधीय पौधों का उत्पादन, खाद्य प्रसंस्करण, जैव प्रौद्योगिकी और उद्यमिता विकास जैसे क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान कार्य किए जाएंगे। इससे इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के अवसर प्राप्त होंगे। इस मौके पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल उपस्थित थे।

# विदेशी उत्पादों को नकारें, स्वदेशी अपनाएं:अरुण साव



**रायपुर, 23 अगस्त ।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव आज दुर्ग में स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने इस दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री साव ने कार्यक्रम में कोका-कोला, पेप्सी जैसी विदेशी पेय सामग्रियों को प्रतीकात्मक रूप से नाली में बहाकर विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में कहा कि यह अभियान देश के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पहचान को जागृत करने का माध्यम है। भारत को विश्व गुरु और सोने की चिड़िया हमारे संस्कारों और स्वभाव के कारण कहा जाता है। स्वदेशी केवल उत्पादों का चयन नहीं, बल्कि हमारी आत्मा से जुड़ा विषय है। हम हजारों वर्षों से दुनिया को शिक्षा, आयुर्वेद, विज्ञान और संस्कृति देते आए हैं। यही हमारे संस्कार हैं। उन्होंने 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के विचार की महत्ता बताते हुए कहा कि आज भी दुनिया को यदि कोई देश अपना परिवार मानता है, तो वह केवल भारत है।उप मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारत की शक्ति और सामर्थ्य का प्रमाण है। आज भारत आत्मनिर्भर बन रहा है और पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। उन्होंने जापान का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि वहां का हर नागरिक आत्मसम्मान के साथ खड़ा हो सकता है, तो भारत जैसे विशाल देश को भी स्वदेशी अपनाकर आत्मनिर्भर बनना चाहिए। श्री साव ने कहा कि जब हमारे सैनिक सीमा पर माइनस डिग्री तापमान में देश की रक्षा कर रहे हैं, तो हमें भी अपने घरों में विदेशी वस्तुओं को प्रवेश न देकर देश की आंतरिक सुरक्षा में योगदान देना चाहिए। हमारे खान-पान, रहन-सहन पर विदेशी वस्तुओं ने मानसिक आक्रमण कर दिया है, जिसे हमें पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने दीपावली पर स्थानीय कुम्हारों के बनाए दीयों और गणेश की मूर्तियों को प्राथमिकता देने की अपील की और कहा कि स्थानीय कलाकारों से खरीदी गई वस्तुएं न केवल हमारी संस्कृति को जीवित रखेंगी, बल्कि उनके परिवारों का भरण-पोषण भी करेंगी।

### भोरिंग एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के छात्रों 13 पदक जीते

**महासमुंद 23 अगस्त ।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, भोरिंग के छात्रों ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित हुई, जिसमें विद्यालय ने कुल 13 पदक हासिल किए, जिनमें 6 स्वर्ण, 6 रजत और 1 कांस्य शामिल हैं। शतरंज में कुनाल (अंडर-14) ने स्वर्ण, धारणा (अंडर-19) ने रजत जीता। कबड्डी में कन्हैया ध्रुव, अक्षय विशाल व गजेन्द्र ने रजत, ट्रिपल जंप में कुंदन (अंडर-19) ने स्वर्ण प्राप्त किया। तीरंदाजी में जयंत ठाकुर (अंडर-19), कुमुदिनी (अंडर-14) और लक्ष्मी रानी ने स्वर्ण, योगेश नाग (अंडर-14), दिगम्बर नेताम (अंडर-14) व उमेश (अंडर-19) ने रजत तथा लिलीमा (अंडर-19) ने कांस्य पदक जीता।



## राजभवन परिसर में अधिकारियों कर्मचारियों ने की साफ-सफाई

**रायपुर, 23 अगस्त।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत शुक्रवार की सुबह राजभवन परिसर में साफ-सफाई की गई। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुबह 7 से 8 बजे तक राजभवन परिसर के अलग-अलग स्थानों पर झाड़ू लगाकर कचड़े को एकत्र कर उसका निपटान किया।

# राज्यपाल रमेन डेका बने छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में टीबी मरीजों के 'निक्षय मित्र'



**रायपुर, 23 अगस्त ।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री रमेन डेका ने एक मिसाल कायम करते हुए राज्य के सभी 33 जिलों में उपचाररत कुल 330 टीबी मरीजों, प्रत्येक जिले से 10 मरीजों को 'निक्षय मित्र' बनकर गोद लिया है। राज्यपाल द्वारा मरीजों को उपचार अवधि में पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु प्रत्येक मरीज को प्रतिमाह 500 रुपये की अनुदान राशि संबंधित जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रदान की जा रही है।

डेका ने 31 जुलाई 2024 को छत्तीसगढ़ के 10वें राज्यपाल के रूप में पदभार ग्रहण किया था। पदभार ग्रहण करने के पश्चात जिलों के प्रवास के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री जी के 'टीबी मुक्त भारत अभियान' को गति प्रदान करने की पहल की। इस दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकें कर अभियान की प्रगति की जानकारी ली तथा मरीजों से सीधा संवाद कर उन्हें नियमित दवा और पोषण आहार के महत्व से अवगत कराया।इस क्रम में उन्होंने सर्वप्रथम राजनांदगांव, बस्तर, धमतरी और गरियाबंद जिलों के टीबी मरीजों को गोद लिया था। तत्पश्चात अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने से पूर्व ही उन्होंने शेष सभी जिलों में भी मरीजों को गोद लेकर अंतिम 33वें जिले कोंडागांव तक यह प्रक्रिया पूरी की और ऐसा करने वाले वह देश के प्रथम राज्यपाल बन गए। राज्यपाल श्री डेका ने उद्योगपतियों, समाजसेवी संगठनों राइस मिल एसोसिएशन एवं आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे आगे आकर 'निक्षय मित्र' बनें और टीबी मरीजों को गोद लेकर इस जनआंदोलन का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प साकार किया जा सकता है।

# मलूहा के पांच किसानों को मिला 25 वर्षों से लंबित 88 लाख रूपए का मुआवजा



**सारंगढ़, 23 अगस्त।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम मलूहा के पांच किसान परिवारों को 25 वर्षों से लंबित मुआवजा राशि आखिरकार मिल गई। अपर सोनिया जलाशय डूबान से प्रभावित इन किसानों ने वर्षों तक कार्यालयों के चक्कर लगाए, धरना-प्रदर्शन और भूख हड़ताल तक की, लेकिन उन्हें उनका हक नहीं मिल पा रहा था। कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रस्तुत करने पर कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया और मात्र 4 माह की सतत मॉनिटरिंग के बाद किसानों को उनका हक दिला दिया।

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने 28 अप्रैल 2025 को पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद इस प्रकरण की जानकारी ली। उन्होंने कार्यपालन अभियंता कसडोल डिवीजन एवं एसडीएम बिलाईगढ़ से पूरे दस्तावेज मंगवाए और हर सप्ताह इसकी प्रगति रिपोर्ट लेते रहे। उनकी संवेदनशीलता और सतत मॉनिटरिंग का परिणाम रहा कि ग्राम मलूहा के किसानों को 25 वर्षों के बाद कुल 88 लाख 19 हजार 592 रुपये का मुआवजा प्रदान किया गया।जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने प्रभावित किसान गंगाधर नाई, चंद्रा परिवार के तीन भाई सरकार, परदेशी, रामानुज, दो बहनेंकृशांति एवं घसनीन, तथा उनकी बुआ सहोद्राबाई को चेक के माध्यम से मुआवजा राशि सौंपी।वर्षों से लंबित किसानों को मुआवजा प्रकरण को संवेदनशीलता के साथ निराकृत होने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टर और उनकी टीम की कार्यशैली की सराहना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी नागरिक को उसके हक और अधिकार के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से 25 वर्षों से लंबित मुआवजा प्रकरण का समाधान 4 माह में हुआ है। यह प्रशासन की संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का उदाहरण है। हमारी सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति को उसका हक मिले।मुआवजा राशि प्राप्त होने पर किसानों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। सहोद्राबाई, जो लंबे समय से बीमार हैं, मुआवजा राशि का चेक पाकर भावुक हो गई। उनका कहना है कि मैं विवाह के बाद से मायके में ही रह रही हूँ और भतीजों के सहारे जीवन बिता रही थी। अब इस मुआवजे से इलाज कराऊँगी और वर्षों से लिए कर्ज चुका पाऊँगी।

### साहू समाज ने मनाया तीज महोत्सव

**धमतरी।** साहू समाज धमतरी द्वारा जिला स्तरीय तीज महोत्सव का आयोजन पुरानी कृषि उपज मंडी धमतरी में किया गया द्य कार्यक्रम में सामाजिक समरसता की झलक देखने को मिली द्य सर्व समाज के लोग शामिल हुए द्य साहू समाज द्वारा सामाजिक एकता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति कला को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्यक्रम किए जाते रहे हैं द्य इसी क्रम में पूरे धमतरी जिले के विभिन्न तहसील शहर धमतरी, ग्रामीण धमतरी, कुरुद, मगरलोड, भखारा, नगरी एवं जिले के समस्त परिक्षेत्र, नेतृत्व क्षमता को निखारने के साथ ही समाज के रचनात्मक कार्यक्रमों में भाग लेकर सामाजिक विकृतियों को दूर करने तीज महोत्सव का शानदार आयोजन किये द्य अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिलाओं को नेतृत्व, प्रतिभा निखारनें, विकृतियों को दूर कर समाज को आगे बढ़ाने के लिए तीज महोत्सव कार्यक्रम को बेहतर प्लेटफार्म बताया है।

# खौली में अवैध शराब बेचते दो कोचिये गिरफ्तार

**रायपुर ।** आबकारी विभाग द्वारा प्रस्तावित शराब दूकान के विरोध में मुखर आंदोलन कर दूकान न? खुलने देने वाले खरोरा थाना क्षेत्र के ग्राम खौली में ग्रामीणों की कड़ाई के बाद भी कतिपय असामाजिक तत्व अब भी अवैध शराब बिक्री करने से बाज नहीं आ रहे । फर्क सिर्फ इतना पड़ा है कि अब खुले आम के बदले चोरी छिपे शराब बिक रही हैं लेकिन ग्रामीण अब इसे भी रूकवाने आमादा हो गये है और ग्रामीणों की सूचना पर बीते दिनों दो कोचिये पुलिस व आबकारी अमला के सपड़ मे आ गये ।

ज्ञातव्य हो कि खौली में प्रस्तावित शराब दूकान के खिलाफ आसपास के ग्रामों के ग्रामीणों के सहयोग से मुखर आंदोलन कर शराब दूकान न खुलने देने वाले ग्रामीणों ने ग्रामीण व्यवस्था के तहत अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगा रखा है व शराब बेचने वाले को दंड सहित जानकारी देने वाले ?को ईनाम की ?भी? घोषणा कर रखा है । बीते दिनों एक पुलिसिया रिकार्डधारी अवैध शराब बिक्रेता को ग्रामीणों द्वारा पकड़े जाने पर ग्रामीण व्यवस्था के तहत उसे दंडित भी किया गया था और पकड़वाने वाले को पुरस्कृत भी किया गया था । इसके बाद भी कोचिये चोरी छिपे शराब बेचने से बाज नहीं आ रहे । बीते 28 जुलाई को जहां सूचना पर खरोरा पुलिस अमला ने पुलिसिया रिकार्डधारी गौतम चंद्राकर को 13 पौव्वा शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ जमानतीय अपराध होने के कारण जमानत पर रिहा कर दिया था वहीं शुष्क दिवस घोषित 15 अगस्त ?के? दिन आबकारी अमला ने दबिश दे शत्रुघ्न कुर्रे को 5 लीटर से अधिक शराब के ?साथ रंगे हाथ दबोच गैर जमानतीय अपराध के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालयीन आदेश पर जेल भेज दिया था जिसे कल गुरुवार को सत्र न्यायालय ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है । ग्रामीण सूत्रों के अनुसार खरोरा से मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम कठिया के रास्ते शराब सप्लायर सूनसान इलाके में शराब ला दे रहा है जिस पर ग्रामीणों की नजर है । इधर क्षेत्र में शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने कहा है व शाम ढले अंदरूनी ग्रामीण सड़कों में पियक्कड़ो का मजमा जमने की जानकारी मिल रही है ।

# छत्तीसगढ़ आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड की बैठक संपन्न



**रायपुर, 23 अगस्त** ।छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड की संचालक मंडल की नवमी बैठक विगत दिवस रायपुर में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के सभागार में बोर्ड के अध्यक्ष श्री विकास मरकाम के अध्यक्षता में हुई। इस अवसर पर बोर्ड के सदस्य वनबल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव, निदेशक राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान श्री तपेश झा, प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ श्री अनिल कुमार साहू, स्टेट इंचार्ज एफ.आर.एल.एच.टी. बैंगलोर कंचन बंजारे सहित वन विभाग, आयुष विभाग, उद्योग विभाग, कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में बोर्ड द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इसमें औषधीय पौधों की योजना, स्कूल हर्बल गार्डन, होम हर्बल गार्डन, ईको-टूरिज्म, पारंपरिक वैद्यों का प्रशिक्षण, ग्रामीणों हेतु जागरूकता कार्यक्रम और सामूहिक प्रशिक्षण जैसी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में अध्यक्ष श्री मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और वन, जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में बोर्ड के कार्यों को और गति दी जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को योजनाओं को समय पर और पूरी तरह लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी तय किया गया कि बोर्ड छोटे वनोपज संघों के साथ मिलकर कच्चे औषधीय उत्पादों के विपणन से संबंधित काम करेगा।

## समाचार संक्षेप

## कलेक्टर ने दिव्यांगों को वितरित किया सहायक उपकरण



**बलौदाबाजार, 23 अगस्त ।** कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा 8 दिव्यांगों को व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र सहायक उपकरण वितरित किया। बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम कसियारा निवासी राधा बाई पटेल, लाहोद निवासी धनजय देवांगन एवं बलौदाबाजार शहर निवासी कुबीना साहू, विकासखण्ड पलारी के ग्राम बिनौरी निवासी लकेश्वर फेकर एवं अजय कुमार धीवर को व्हीलयेयर प्रदान किया गया।इसी तरह बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम लाहोद निवासी चंदकुमार पटेल, भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम बिजराडीह बाबूराम यदू एवं नगर पंचायत पलारी निवासी आशाराम साहू को श्रवण यंत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण विभाग सिनीवाली गोयल एवं विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने ली अधिकारियों की बैठक,प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश



**बलौदाबाजार, 23 अगस्त** छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग की टीम शुक्रवार को जिला प्रवास पर बलौदाबाजार पहुंची। आयोग के अध्यक्ष गिरिधारी नायक ने सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और तेजी से निराकरण के निर्देश दिये। बैठक में आयोग के सदस्य गोविन्द कुमार सिंह, संयुक्त सचिव संजय अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, एसपी भावना गुप्ता उपस्थित थे।अध्यक्ष श्री नायक ने श्रमिकों को बंधक बनाए जाने की घटना का समुचित तरीके से समन्वय एवं वापसी के प्रयास, जिला कोषालय में पेंशन, भविष्य निधि भुगतान के लंबित प्रकरणो के निपटान में तेजी लाने कहा। उन्होंने डॉग बाइट एवं रेबीज के बढ़ते मामले को गंभीरता से लेते हुए श्वानो की संख्या नियंत्रण हेतु जरूरी उपाय करने कहा। कुष्ठ एवं टीबी बीमारी के उन्मूलन हेतु चलाए जाने वाले अभियानो की सतत मॉनिटरिंग करने तथा छात्रावासो में छात्रों की संख्या अनुसार पर्याप्त संख्या में शौचालय की व्यवस्था करने कहा। इसके साथ ही जर्ज़र स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवनों से बच्चों को शिफ्ट करने और भवन को दिसमेंटल कर नवीन भवन निर्माण के प्रस्ताव देने के. निर्देश दिये।कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि बैठक में दिये गये निर्देशो का सभी अधिकारी अनुपालन करते हुए बेहतर प्रयास करें ताकि लोगों का जीवन बेहतर हो।जिला जेल, स्कूल एवं जिला अस्पताल का निरीक्षण- आयोग की टीम ने बलौदाबाजार स्थित जिला जेल का निरीक्षण कर जेल प्रशासन एवं अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लिया।

## रजत जयंती के अवसर पर खेल महोत्सव का आयोजन

**बलौदाबाजार, 23 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के पर्यवेक्षण में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर बलौदाबाजार परियोजना अंतर्गत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पनगांव में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बालिकाओं को खो-खो, कबडडी,कुर्सी दौड़, 100 मीटर दौड एवं अन्य गतिविधियां कराई गई। विजेता प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिये मेडल एवं शील्ड प्रदान किया गयाइसी तरह कसडोल परियोजना अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटौद, परियोजना पलारी अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतोरा एवं परियोजना सिमगा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करही में मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत बालिका सुरक्षा माह के अनुक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं महिला सशक्तिकरण केन्द्र की टीम द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया।इसमें बालिकाओं की अपराध के प्रति संवेदनशीलता तथा लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 की वर्तमान प्रासंगिकता के बारे में छात्रो को जानकारी प्रदान की गई।

## विप्र महिला मंडल द्वारा तीज मिलन एवं दही लूट का आयोजन किया गया



**सिमगा।** मंडल अध्यक्ष सुवर्णा शर्मा के मार्गदर्शन में आज विप्र भवन में महिलाओं के द्वारा तीज मिलन एवं दही लूट का कार्यक्रम किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया अध्यक्ष श्रीमती सुवर्णा शर्मा एवं सचिव नंदिनी तिवारी द्वारा महिलाओं को सुहाग सामग्री दी गई एवं अन्य मनोरंजन कार्यक्रम भी संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में विशेष रूप से गौरी शर्मा स्मृति चौबे श्वेता अवस्थी आरती शर्मा पिंकी अवस्थी रजनी दुबे लक्ष्मी शर्मा कुमारी श्रेया शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विप्र समाज सिमगा परिक्षेत्र अध्यक्ष सुनील तिवारी विक्रमादित्य पांडे का विशेष रूप से योगदान रहा।

## कलेक्टर ने किया मॉडमसिल्ली बाँध और रुद्री बैराज का निरीक्षण

**धमतरी 23 अगस्त।** जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों को विकसित एवं पर्यटकों के लिए सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने आज मॉडमसिल्ली बाँध और रुद्री बैराज का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मॉडमसिल्ली बाँध में संचालित सड़क एवं गार्डन निर्माण कार्यों का अवलोकन किया और इन्हें अक्टूबर माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाँध परिसर में स्थित मीटिंग प्वाइंट तथा गार्डन में लगे झूले एवं अन्य संरचनाओं को बेहतर बनाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।इसी क्रम में कलेक्टर ने रुद्री बैराज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को गार्डन की आवश्यक साफ-सफाई कर सौंदर्यीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, गार्डन में आने वाले पर्यटकों की सुविधा हेतु पाथ वे वॉचिंग टॉवर एवं बोटिंग प्वाइंट हेतु स्थल चिह्नांकित कर शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर जल संसाधन विभाग बांध क्रमांक 38 के कार्यपालन अभियंता श्री यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मुंबई की सड़कों पर नई लेम्बोर्गिनी में नजर आए रोहित शर्मा




**नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा चमचमाती नई लेम्बोर्गिनी में मुंबई की सड़कों पर ड्राइविंग करते नजर आए हैं. रोहित शर्मा के पास Lamborghini Urus SE है. इस कार के ऑरेंज कलर के मॉडल में रोहित खुद ड्राइविंग सीट पर बैठे थे. लेम्बोर्गिनी की इस लग्जरी कार की एक्स-शोरूम प्राइस 4.57 करोड़ रुपये है. रोहित का इस कार में सफर करने का वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. भारत की वनडे क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा इस समय अपनी पर्सनल लाइफ एंजॉय कर रहे हैं. रोहित टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं. वहीं वनडे टीम के लिए अभी रोहित शर्मा कप्तानी कर रहे हैं. भारत की अगली वनडे सीरीज अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जानी है. इससे पहले रोहित शर्मा के पास एक बड़ा ब्रेक है. रोहित अपनी नई गाड़ी में मुंबई की सड़कों पर नजर आए. रोहित के एक फैन ने ड्राइविंग करते हुए वीडियो शूट कर लिया और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया. अब ये वीडियो जमकर वायरल हो रहा है. रोहित शर्मा को मुंबई की सड़कों पर उनके फैन्स ने कैमरे में कैप्चर किया. रोहित की गाड़ी जब मुंबई के ट्रैफिक में रुकी, तब हिटमैन ने फैन को थम्स अप का इशारा भी किया. रोहित मुंबई की सड़कों पर अपनी नई लग्जरी कार की स्पीड भी चेक करते नजर आए.

# नॉर्थ जोन कप्तान गिल का दलीप ट्रॉफी में खेलना मुश्किल

## ब्लड टेस्ट के बाद बीसीसीआई को रिपोर्ट सौंपी गई; 28 सितंबर से शुरू होगा टूर्नामेंट

**मुम्बई, 23 अगस्त (एजेंसी)।** शुभमन गिल 28 सितंबर से बेंगलुरु में शुरू होने वाली दलीप ट्रॉफी से बाहर हो सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, गिल बीमार हैं। गिल को नॉर्थ जोन का कप्तान बनाया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में उनका ब्लड टेस्ट हुआ था। इसके बाद फिजियो और मेडिकल टीम ने उनकी रिपोर्ट ब्चष्टष्ठ को भेजकर सलाह दी है कि वे दलीप ट्रॉफी में हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

फिलहाल, गिल (25) चंडीगढ़ में हैं और घर पर आराम कर रहे हैं। गिल को एशिया कप में भारतीय टीम का उपकप्तान चुना गया है। ऐसे में बोर्ड कोई जोखिम नहीं उठाना चाहेगा।

**4 या 5 सितंबर को दुबई के लिए रवाना होगी टीम:** गिल वैसे भी पूरे दलीप ट्रॉफी में नहीं खेल पाते, क्योंकि उन्हें 9 सितंबर से एशिया कप के लिए नेशनल टीम में शामिल होना था। टीम इंडिया एशिया कप के लिए 4 या 5 सितंबर को दुबई के लिए रवाना होगी। वहीं, दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से 15 सितंबर तक चलेगी। ऐसे में वे ज्यादा से ज्यादा एक मैच खेल सकते थे।

**शानदार फॉर्म में हैं गिल, इंग्लैंड में 4 सेंचुरी लगाई:** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों की मदद से 754 रन बनाए थे। गिल ने पिछले साल भी दलीप ट्रॉफी में खेला था और पहले मैच में इंडिया ए टीम की कप्तानी की थी। हालांकि, उनकी कप्तानी में इंडिया ए को अभिमन्यु ईश्वरन की अगुआई वाली इंडिया बी टीम के खिलाफ76 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। गिल ने रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन में पंजाब की कप्तानी की थी।

गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों के सहारे 754 रन बनाए थे। गिल ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 4 शतकों के सहारे 754 रन बनाए थे।

**अर्शदीप-हर्षित भी एक-एक ही मैच खेलेंगे:** रिपोर्ट के मुताबिक, नॉर्थ जोन के सिलेक्टर्स ने गिल के रिप्लेसमेंट के तौर पर शुभम रोहिल्ला को टीम में शामिल कर सकता है। अंकित कुमार को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। अब वह दलीप ट्रॉफी में गिल की गैरमौजूदगी में कप्तानी करेंगे। एशिया कप स्क्वॉड में शामिल अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा भी पहले मैच के बाद नेशनल टीम से जुड़ सकते हैं। नॉर्थ जोन का पहला मैच ईस्ट जोन होगा। जो बेंगलुरु स्थित BCCI के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में 28 से 31 अगस्त तक खेला जाएगा।




### जोन फॉर्मेट में लौटी दलीप ट्रॉफी

दलीप ट्रॉफी का आगाज 28 अगस्त से होने वाला है। इस साल दलीप ट्रॉफी फिर से जोन आधारित फॉर्मेट में खेली जाएगी। पिछली बार इसे चार टीमों (ए, बी, सी, डी) के बीच खेला गया था। इसके बाद इसे फिर से पुराने फॉर्मेट में कराने का फैसला लिया गया है। इस बार फिर दलीप ट्रॉफी के साथ भारत के डोमेस्टिक सीजन की शुरुआत हो रही है।

### नॉर्थ जोन स्क्वाड

शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बदोनी, कन्हैया वधावन (विकेटकीपर), यश धुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, औकिब नबी।

### राजीव शुक्ला बोले- कोहली-रोहित के फेयरवेल की चिंता न करें



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, विराट कोहली और रोहित शर्मा पूरी तरह फिट हैं। वे अभी भी वनडे क्रिकेट खेल रहे हैं और अच्छे प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में उनके फेयरवेल (विदाई मैच) की बात करना जल्दबाजी है। कोहली और रोहित पहले ही टेस्ट क्रिकेट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले चुके हैं। कुछ दिनों पहले मीडिया रिपोर्ट्स में उनके फेयरवेल मैचों को लेकर चर्चा शुरू हो गई थी। डोमेस्टिक टी-20 लीग यूपी टी-20 को शुक्रवार को दिए गए इंटरव्यू में राजीव ने यह बात कही। उन्होंने अभी तक संन्यास लिया है क्या? रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों वन-डे खेल रहे हैं। उन्होंने संन्यास नहीं लिया है, तो आप उनके फेयरवेल को लेकर क्यों बात और चिंता कर रहे हैं? बीसीसीआई की नीति बिल्कुल स्पष्ट है, हम किसी को भी संन्यास लेने के लिए नहीं कहेंगे, उन्हें खुद अपना निर्णय लेना होता है। उन्होंने आगे कहा, फेयरवेल मैच के आयोजन के लिए जब समय आएगा, तब देखेंगे। आप पहले से ही उनका फेयरवेल आयोजित कर रहे हैं। विराट कोहली बहुत फिट हैं, और रोहित शर्मा बहुत अच्छा खेलते हैं।

# साउथ अफ्रीका की एसए20 टी-20 लीग में 13 भारतीय खिलाड़ियों ने कराया रजिस्ट्रेशन

साउथ अफ्रीका की लोकप्रिय टी-20 लीग SA20 के चौथे सीजन में 13 भारतीय खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. इसमें प्रमुख नाम हैं पीयूष चावला, सिद्धार्थ कौल और अंकित राजपूत. ये सभी खिलाड़ी 9 सितंबर को जोहान्सबर्ग में होने वाली नीलामी में हिस्सा लेंगे. इस सीजन में कुल 784 क्रिकेटर्स की लिस्ट तैयार की गई है.

**बीसीसीआई के भारतीय खिलाड़ियों के लिए नियम :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के नियमों के मुताबिक, केवल वही भारतीय खिलाड़ी विदेशी लीग में खेल सकते हैं जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हो या भारत और आईपीएल में खेलने ले मना कर चुके हों.

**दिनेश कार्तिक का रिकॉर्ड:** भारतीय के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इस लीग में पहले हिस्सा ले चुके हैं. उन्होंने पिछले सीजन में पार्ल रॉयल्स की ओर से खेला था, उस समय वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सभी फॉर्मेट को अलविदा कह चुके थे और आईपीएल से भी अपना नाम वापस ले लिया था.

**पाकिस्तानी और इंग्लिश खिलाड़ियों की भागीदारी:** इस बार 40 पाकिस्तानी खिलाड़ी रजिस्टर हुए हैं, जिनमें आजम खान, इमाम-उल-हक, अबरार अहमद और सैम अयूब शामिल हैं.

150 से ज्यादा इंग्लैंड के खिलाड़ी भी रजिस्टर हुए हैं, जिनमें जेसन रॉय और एलेक्स हेल्स जैसे इंटरनेशनल खिलाड़ी शामिल हैं.

**दक्षिण अफ्रीकी सितारे और युवा खिलाड़ी:** नीलामी में कई बड़े दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे, जैसे ऐडन मार्करम, लुंगी एनगिडी, वियान मुल्डर और केशव महाराज. इसके अलावा युवा खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस और क्वेना मफाका और टी-20 स्पेशलिस्ट क्विंटन डिकॉक, एनरिक नॉर्खिया, तबरेज शम्सी भी नीलामी के लिए तैयार हैं.

**SA20 का खास महत्व:** SA20 अपने पहले तीन सीजन में तेजी से फेमस हुआ है. दक्षिण अफ्रीका की इस लीग की तुलना अभ IPL से की जा रही है. लोग इसे अब मिनी IPL कहने लगे है. यहां का टीम स्ट्रक्चर और ऑक्शन सिस्टम IPL के समान है, जिससे यह लीग क्रिकेट प्रेमियों के बीच खासा चर्चित हो रही है.



### बेस प्राइस और रेजर्व प्राइस

पीयूष चावला का बेस प्राइस 50 लाख रुपए (1,000,000 रैंड) है.

इमरान खान का बेस प्राइस 25 लाख रुपए (500,000 रैंड) है.

बाकी सभी भारतीय खिलाड़ियों का बेस प्राइस लगभग 10 लाख रुपए (200,000 रैंड) है.

### लीग और फ्रेंचाइजियों की जानकारी

साउथ अफ्रीका की इस लीग में कुल 6 फ्रेंचाइजियां भाग लेने वाली है. जिनके नाम हैं,

1. एमआई केप टाउन 2. जोहांसबर्ग सुपर किंग्स 3. डरबन सुपर जायंट्स 4. सनराइजर्स ईस्टर्न केप 5. पार्ल रॉयल्स 6. प्रिटोरिया कैपिटल्स।

लीग में इन सभी 6 फ्रेंचाइजियों के पास कुल 7.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का बजट है, जिसे वे 84 स्लॉट्स को भरने के लिए इस्तेमाल करेंगे. ड्ड20 ने चौथे सीजन से हर टीम को एक वाइल्डकार्ड खिलाड़ी चुनने के लिए भी कहा था, लेकिन वह खिलाड़ी विदेशी या साउथ अफ्रीकी ही हो सकता है. उन खिलाड़ियों की पैमेंट कैप के बाहर रहेगी.

# विराट-धोनी नहीं, ये हैं दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेटर

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** दुनिया में क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि एक बड़ा इंडस्ट्री बन चुका है. कई क्रिकेटर खेल के साथ-साथ ब्रांड एंडोर्समेंट और बिजनेस वेंचर्स के जरिए करोड़ों की कमाई कर रहे हैं. इस लिस्ट में भारत के तीन दिग्गज खिलाड़ी शामिल हैं जिनकी नेटवर्थ 100 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा है. आइए जानते हैं दुनिया के टॉप 5 सबसे अमीर क्रिकेटरों के बारे में -

**1. सचिन तेंदुलकर-** संपत्तिः 170 मिलियन डॉलर (लगभग 1400 करोड़ रुपये+)

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर इस लिस्ट में पहले स्थान पर हैं. इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद भी उनकी कमाई लगातार जारी है. वह मुंबई इंडियंस के मेंटोर हैं और उन्होंने कई खेल अकादमियों, रेस्टोरेंट्स और स्टार्टअप्स में निवेश किया हुआ है.

**2. विराट कोहली-** संपत्तिः 127 मिलियन डॉलर (लगभग 1050 करोड़ रुपये+)

दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट ब्रांड में शामिल विराट कोहली दूसरे स्थान पर हैं. क्रिकेट कॉन्ट्रैक्ट्स के अलावा वह अपने फिटनेस और फैशन ब्रांड्स (ऋश्वद्दद्ब, ह्रठ्ठद्ग8), विज्ञापन और रियल एस्टेट से भी बड़ा मुनाफा कमा रहे हैं. उनके पास मुंबई और गुरुग्राम में करोड़ों की प्रॉपर्टी है.

**3. एमएस धोनी-** संपत्तिः 123 मिलियन डॉलर (लगभग 1000 करोड़ रुपये+)

भारत के सबसे सफल कप्तानों में शुमार एमएस धोनी इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं. क्रिकेट के अलावा खेती, जिम चेन, प्रोडक्शन कंपनी और टेक स्टार्टअप्स में भी उन्होंने निवेश किया है. चेन्नई सुपर किंग्स में उनकी हिस्सेदारी भी है.

**4. रिकी पोंटिंग-** संपत्तिः 70 मिलियन डॉलर (लगभग 580 करोड़ रुपये+)

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने रिटायरमेंट के बाद कोचिंग और कमेंट्री से अपना करियर जारी रखा. वह आईपीएल में पंजाब किंग्स के कोच रह चुके हैं और टीवी व डिजिटल मीडिया के जरिए अच्छी-खासी आमदनी कर रहे हैं.

**5. ब्रायन लारा-** संपत्तिः 60 मिलियन डॉलर (लगभग 500 करोड़ रुपये+)

वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज ब्रायन लारा पांचवें स्थान पर हैं.वह कमेंट्री, कोचिंग और ब्रांड एंडोर्समेंट से लगातार सक्रिय हैं. लारा आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के कोच भी रह चुके हैं.




## व्यापार

# अनिल अंबानी के घर सीबीआई की छापेमारी

## 17000 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी का है मामला



**मुम्बई, 23 अगस्त (एजेंसी)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार सुबह बिजनेसमैन अनिल अंबानी के मुंबई स्थित आवास पर छापेमारी की। यह कार्रवाई 17,000 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले की जांच के सिलसिले में की गई है। ष्टक्चढ्ढ के अधिकारी सुबह करीब 7 बजे कफ परेड में स्थित अंबानी के आवास 'सीविंड' पर पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक, सात से आठ अधिकारी परिसर में दाखिल हुए और तब से तलाशी अभियान चला रहे हैं।

यह घटना प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 4 अगस्त को अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े 17,000 करोड़ के कथित ऋण धोखाधड़ी मामले में अपनी जांच का विस्तार करने के कुछ दिनों बाद हुई है।

छापेमारी के दौरान अंबानी और उनका परिवार घर पर ही मौजूद है। यह कार्रवाई सीबीआई की उस जांच का हिस्सा है, जिसमें एजेंसी ने रिलायंस एडीए ग्रुप से जुड़ी कंपनियों तक अपनी पड़ताल का दायरा बढ़ाया है।

इसेस पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा 4 अगस्त को अनिल अंबानी से पूछताछ की गई थी। श्वष्ठ ने अनिल अंबानी को पूछताछ के लिए बुलाने के बाद उनके कई शीर्ष अधिकारियों को भी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पूछताछ के लिए समन जारी किए थे। जिन अधिकारियों को बुलाया गया है उनमें अंबानी के दो करीबी सहयोगी, अमिताभ झुनझुनवाला और सतीश सेठ शामिल हैं। ये दोनों अंबानी के व्यापारिक साम्राज्य में वरिष्ठ पदों पर हैं और माना जाता है कि वित्तीय संचालन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी।

अधिकारियों के अनुसार, अब तक कम से कम छह समन जारी किए गए हैं। इन अधिकारियों पर श्वष्ठ की नजर पहले से ही थी, जब विभिन्न परिसरों में तलाशी अभियान चलाया गया था।

# अमेरिकी सरकार ने इंटेल में 10 फीसदी हिस्सेदारी ली

- बदले में कंपनी को 8 बिलियन डॉलर की सब्सिडी, ट्रम्प बोले- इंटेल सीईओ ने अपनी नौकरी बचा ली

**वॉशिंगटन, 23 अगस्त (एजेंसी)।** अमेरिकी सरकार ने टेक कंपनी इंटेल में 10त्न हिस्सेदारी ले ली है। सरकार इसके बदले कंपनी को करीब 8 बिलियन डॉलर की सब्सिडी देगी। इस बात की जानकारी अमेरिका के कॉमर्स सेक्रेटरी हॉवर्ड लुटनिक ने दी है। जानकारी देते हुए लुटनिक ने पोस्ट में लिखा, अमेरिकी सरकार अब महान अमेरिकी टेक कंपनियों में से एक, इंटेल का 10त्न हिस्सा रखती है। इस ऐतिहासिक समझौते से सेमीकंडक्टर सेक्टर में अमेरिकी नेतृत्व मजबूत होगा, इससे हमारी अर्थव्यवस्था को ग्रोथ मिलेगा और अमेरिकी टेक सेक्टर को सिक्योरिटी। इंटेल के ष्टश्वह्र को इस समझौते के लिए धन्यवाद।

**ट्रम्प बोले- सीईओ नौकरी बचाने आए थे, लेकिन 10 बिलियन डॉलर दे गए:** हाल ही में राष्ट्रपति ट्रम्प ने कंपनी के ष्टश्वह्र लिप-बू टैन बीच हाल में हुई एक मुलाकात की थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प ने टैन को उनकी कथित चीन से संबंधों की वजह से इस्तीफा देने के लिए कहा था। कंपनी में 10त्न हिस्सेदारी की बात पर ट्रम्प ने कहा कि उनके लिए यह एक बहुत अच्छी डील है। CEO ने अपनी नौकरी बचा ली।



**सरकार की हिस्सेदारी से कंपनी का ग्रोथ बढ़ेगा:** ट्रम्प प्रशासन ने इंटेल में यह हिस्सेदारी इसलिए ली है ताकी अमेरिका में चिप मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा दिया जा सके। इंटेल अमेरिका की इकलौती कंपनी है जो सबसे तेज और मॉडर्न चिप्स बना सकती है। लेकिन बीते कुछ साल में कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिप्स मार्केट में एनवीडिया और AMD जैसी कंपनियों से पिछड़ गई है।

इसके अलावा, इंटेल की ओहायो में बन रही एक बड़ी फैक्ट्री में देरी हो रही है, जो ट्रम्प के लिए काफी खास है। क्योंकि यह प्रोजेक्ट न केवल आर्थिक बल्कि अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है।

### जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक सितंबर की शुरुआत में

# दो स्लैब स्ट्रक्चर पर लिया जाएगा फैसला

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक 3-4 सितंबर को होने वाली है। इस बैठक में मंत्री समूह (जीओएम) द्वारा दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत को बरकरार रखने के प्रस्ताव पर फैसला होगा। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, परिषद की यह बैठक केंद्र द्वारा जीएसटी कराधान व्यवस्था के ढांचे को वर्तमान चार स्लैब से दो स्लैब में बदलने के बड़े पैमाने पर प्रयास के बीच हो रही है।

छह सदस्यीय जीओएम का नेतृत्व करने वाले बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के अनुसार, हमने दो स्लैब वाले जीएसटी स्ट्रक्चर की सिफारिश की है और अपनी सिफारिशें जीएसटी परिषद को सौंप दी हैं।

जीओएम ने सहमति व्यक्त की कि नई व्यवस्था के तहत मौजूदा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब को समाप्त कर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य एक सरल और अधिक पारदर्शी जीएसटी व्यवस्था की ओर बढ़ना है।




देश में वर्तमान में चार स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत वाला जीएसटी सिस्टम लागू है। साथ ही सिन और लग्जरी गुड्स पर अतिरिक्त उपकर भी लगाया जाता है। नए स्ट्रक्चर के तहत, 'मेरिट' वस्तुओं और सेवाओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जबकि अधिकांश अन्य वस्तुएं (स्टैंडर्ड) 18 प्रतिशत के स्टैंडर्ड रेट अंतर्गत आएंगी। कुछ तथाकथित सिन गुड्स पर 40 प्रतिशत का उच्च कर लागू रहेगा। उदाहरणों में शराब, तंबाकू, ड्रग्स, जुआ, शीतल पेय, फास्ट फूड, कॉफी, चीनी और पोर्नोग्राफी भी शामिल हैं।

सिन टैक्स एक विशेष कर है, जो सरकार द्वारा इस प्रकार की वस्तुओं पर लगाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को इनके उपयोग से हतोत्साहित करना और इनसे होने वाले नुकसान को कम करना है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इससे पहले दो दिवसीय मंत्रिसमूह की बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि एक सरलीकृत प्रणाली से आम आदमी, किसानों, मध्यम वर्ग और छोटे व्यवसायों को लाभ होगा, साथ ही जीएसटी को अधिक पारदर्शी और विकासोन्मुखी भी बनाया जा सकेगा। बदलावों के तहत, वर्तमान में 12 प्रतिशत कर श्रेणी में आने वाली लगभग सभी वस्तुएं 5 प्रतिशत के स्लैब में आ जाएंगी।

### इस सप्ताह सोने-चांदी में रही गिरावट

# सोना 665 गिरकर 99,358 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आया

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसी)।** सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार पिछले शनिवार यानी 16 अगस्त को 24 कैरेट सोना 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब यानी 23 अगस्त को 99,358 रुपए पर आ गया है। यानी इसकी कीमत में 665 रुपए की गिरावट आई है।

चांदी की कीमत पिछले शनिवार को 1,14,933 रुपए पर था, जो अब 1,13,906 रुपए पर आ गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,027 रुपए कम हो गई है। वहीं 23 जुलाई को चांदी ने 1,15,850 रुपए और 8 अगस्त को सोने ने 1,01,406 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**सोना इस साल अब तक 23,196 महंगा हुआत्न** इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,196 रुपए बढ़कर 99,358 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 27,889 रुपए बढ़कर 1,13,906 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।


## कार्यालय, नगर पालिका निगम, भिलाई
## जोन क्रमांक-02

क्र./जोन क्र.-02/2025/820/176A

भिलाई, दिनांक 22/08/2025

### //संशोधन सूचना//

नगर पालिक निगम भिलाई के **जोन क्रमांक**-02 के ई-निविदा **क्रमांक**-173045, 173050, 173068, 173080, 173089 **एवं** 173011 में अतिरिक्त नियम शर्तें जोड़ी जा रही है एवं निविदा तिथि में निम्नानुसार संशोधन किया गया है शेष सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

**Key Dates:-**

| S.No | Description | Date & Time | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release:- | 01/08/2025 (10:30AM) TO 01/08/2025 (06:30PM) | 01/08/2025 (10:30 AM) to 01/08/2025 (06:30PM) |
| 2 | Bid Due Date:- | 01/08/2025 (05:31AM) TO 22/08/2025 (05:30PM) | 01/08/2025 (05:31 AM) to **29/08/2025 (05:30PM)** |
| 3 | Physical Submission EMD End:- | 01/08/2025 (05:31AM) TO 28/08/2025 (05:30PM) | 01/08/2025 (05:31 AM) to **02/09/2025 (05:30PM)** |
| 4 | Bid Open Date Schedule:- | 29/08/2025 (10:30AM) to till date | **03/09/2025** (10:30 AM) to till date |

**संलग्नः- नियम एवं शर्तें।**

**जोन आयुक्त**
**जोन क्रमांक-02**
**नगर पालिक निगम भिलाई**



## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
## सुकमा वन मण्डल, सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)
### ईमारती काष्ठ का नीलाम विज्ञापन-सुकमा वन मण्डल सुकमा, जगदलपुर वृत्त जगदलपुर

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है जगदलपुर वृत्त के सुकमा वन मण्डल के अंतर्गत सुकमा काष्ठागार में संग्रहित **ईमारती काष्ठ नीलाम दिनांक 02/09/2025 समय प्रातः 02.00 बजे** से ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जावेगा।

अतः इच्छुक व्यापारियों ई-ऑक्सन में अवश्य भागव लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें व अन्य जानकारियां कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार या वनमण्डल कार्यालय सुकमा से प्राप्त की जा सकती है।

### सुकमा काष्ठागार में अनुमानित ईमारती काष्ठ की मात्रा

| प्रजाति | नया काष्ठ की मात्रा | | | पुराना काष्ठ की मात्रा | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) | घ.मी. | बल्ली (नग) | डेंगरी (नग) |
| सागौन | 55.810 | 40 | 0 | 311.592 | 175 | 245 | 367.402 | 215 | 245 |
| साल | 61.706 | 0 | 0 | 3.340 | 6 | 0 | 65.046 | 6 | 0 |
| बीजा | 54.630 | 51 | 0 | 44.565 | 36 | 0 | 99.195 | 87 | 0 |
| साजा | 44.570 | 146 | 0 | 12.896 | 152 | 0 | 57.466 | 298 | 0 |
| हल्दू.मु. | 2.897 | 0 | 0 | 5.015 | 0 | 0 | 7.912 | 0 | 0 |
| शिवना | 0 | 0 | 0 | 0.593 | 6 | 0 | 0.593 | 0 | 0 |
| शीशम | 1.441 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1.441 | 6 | 0 |
| तिन्सा | 0.850 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.850 | 0 | 0 |
| धावड़ा | 98.987 | 206 | 0 | 0 | 0 | 0 | 98.987 | 206 | 0 |
| अन्य | 83.427 | 242 | 0 | 27.497 | 530 | 0 | 110.924 | 772 | 0 |
| **योगः-** | **404.318** | **691** | **0** | **405.498** | **905** | **245** | **809.816** | **1596** | **245** |

**टीपः-** 1. क्रेता की ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी.ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते हैं।

जी-252603023/8

**वन मण्डलाधिकारी**
**सुकमा वन मण्डल सुकमा**

# रायपुर में तेज बारिश बलरामपुर समेत 6 जिलों में अलर्ट

## बिलासपुर-मुंगेली समेत 4 जिलों में बिजली गिरने की आशंका, बाकी जगह मौसम सामान्य, केलो डैम के 4 गेट खुले

रायपुर, 23 अगस्त। छत्तीसगढ़ में पिछले 24 घंटों में अधिकांश जगहों पर हल्की से मध्यम पानी बरसा। रायपुर में भी बारिश हो रही है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए बलरामपुर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा कोरबा, सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, इन पांच जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट है।

जीपीएम, मुंगेली, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा इन 4 जिलों में बिजली गिरने, बादल गरजने और आंधी चलने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलो में मौसम सामान्य रहेगा। पिछले 24 घंटों में बिलासपुर संभाग के कुछ स्थानों में भारी बारिश हुई। रायगढ़ जिले में लगातार बारिश के बाद केलो डैम के 4 गेट खोले गए। इससे केलो नदी का जलस्तर बढ़ गया है। कई नदी-नाले उफान पर हैं।





**सिस्टम कमजोर, बस्तर में कम बरसेगा पानी:** सिनौप्टिक सिस्टम की बात करें तो छत्तीसगढ़ के मध्य भागों और उससे सटे पूर्वी मध्य प्रदेश में बना लो प्रेशर एरिया कमजोर हो गया है। हालांकि, इससे जुड़ा साइक्लोन सर्कुलेशन दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में एक्टिव है।

**1 जून से अब तक 801 मिमी पानी बरसा:** 1 जून से अब तक प्रदेश में 801.8 मिमी औसत बारिश हो चुकी है। बलरामपुर में सबसे ज्यादा 1158.2 मिमी पानी बरसा है। बेमेतरा में सबसे कम 394.7 मिमी बारिश हुई है।

**जून से जुलाई के बीच 623.1 मिमी बारिश:** प्रदेश में 1 जून से 30 जुलाई तक कुल 623.1 स्रूमिमी बारिश हुई। मौसम विभाग ने 558स्रू के करीब बारिश का अनुमान लगाया था। यानी अनुमान से 12 प्रतिशत ज्यादा बारिश हुई है। वहीं सिर्फ जुलाई महीने की बात करें तो कुल 453.5 मिमी बारिश हुई है। पिछले 10 सालों में सिर्फ 2 बार ही जुलाई में बारिश का आंकड़ा 400MM पार हुआ है। 2023 में जुलाई माह में प्रदेश में सबसे ज्यादा 566.8MM पानी बरसा था। इससे पहले 2016 में 463.3MM पानी गिरा था

### इसलिए गिरती है बिजली

दरअसल, आसमान में विपरीत एनर्जी के बादल हवा से उमड़ते-घुमड़ते रहते हैं। ये विपरीत दिशा में जाते हुए आपस में टकराते हैं। इससे होने वाले घर्षण से बिजली पैदा होती है और वह धरती पर गिरती है।

आकाशीय बिजली पृथ्वी पर पहुंचने के बाद ऐसे माध्यम को तलाशती है जहां से वह गुजर सके।

अगर यह आकाशीय बिजली, बिजली के खंभों के संपर्क में आती है तो वह उसके लिए कंडक्टर (संचालक) का काम करता है, लेकिन उस समय कोई व्यक्ति इसकी परिधि में आ जाता है तो वह उस चार्ज के लिए सबसे बढ़िया कंडक्टर का काम करता है।

जयपुर में आमेर महल के वॉच टावर पर हुए हादसे में भी कुछ ऐसा ही हुआ।


















स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26